RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses


आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 अंक : 214 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 24 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला : मुंबई बम धमाकों के 12 आरोपियों की रिहाई पर रोक

## महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर फैसला, दोबारा गिरफ्तार नहीं किए जाएंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए विस्फोटों के आरोपियों पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 2006 मुंबई ब्लास्ट मामले में बरी किए गए 12 आरोपियों को बरी करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने आरोपियों को बरी करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर यह नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस पर भी संज्ञान लिया कि सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। कोर्ट ने ये भी कहा कि बरी किए गए इन 12 आरोपियों को दोबारा गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोपियों को वापस जेल भेजने की कोई मांग नहीं की। तुषार मेहता ने कहा कि जहां तक स्वतंत्रता (से जुड़े मसले पर स्टे का सवाल है, मैं सतर्क हूं। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर स्टे चाहता हूं, लेकिन उन्हें दोबारा जेल भेजना मेरा उद्देश्य नहीं है। वे पहले ही रिहा हो चुके हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि हमें बताया गया है कि सभी आरोपियों (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अनिल अंबानी समूह की कंपनियों पर ईडी का छापा

## तीन हजार करोड़ के लोन में हेराफेरी





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कारोबारी अनिल अंबानी की कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम अनिल अंबानी समूह की कंपनियों पर दिल्ली और मुंबई स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ये छापेमारी अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में की जा रही है।

ये कार्रवाई नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (NFRA), बैंक ऑफ बड़ौदा और सीबीआई की दो एफआईआर के आधार पर की गई। अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों के कई (शेष पृष्ठ-3 पर)

### फ्रॉड घोषित किए गए थे अनिल अंबानी

इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित किया था। इस महीने की शुरुआत में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन के लोन अकाउंट को SBI से बड़ा झटका मिला था। SBI ने कंपनी को दिसंबर 2023, मार्च 2024 और सितंबर 2024 में कारण बताओ नोटिस भेजा था। कंपनी के जवाब की समीक्षा करने के बाद बैंक ने कहा था कि अनिल अंबानी की कंपनी ने अपने लोन की शर्तों का पालन नहीं किया और अपने अकाउंट्स के संचालन में अनियमितताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी।

# कंपनी का गार्ड करता है पीछा देता है तेजाब फेंकने की धमकी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा की मशहूर कंपनी में तैनात गार्ड की अश्लील हरकतों व तेजाब फेंकने की धमकी से कंपनी में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी काफी डरी हुई है। महिला कर्मचारी का आरोप है कि गार्ड की पत्नी भी फोन करके उसे व उसके परिवार को धमकाती है। महिला कर्मचारी ने थाना ईकोटेक-3 में गार्ड व उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

हल्द्वानी मोड़ के पास रहने वाली श्रुति (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह नोएडा की मदर्सन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड कंपनी में काम करती



है। वह पिछले 4 वर्षों से यहां नौकरी कर रही है। कंपनी में गार्ड की नौकरी करने वाला शक्ति सिंह पिछले एक वर्ष से कंपनी के गेट पर आते-जाते समय उसे गंदी नजरों से देखता था। इसके अलावा शक्ति सिंह उसका पीछा भी करता था। इस बात की जानकारी होने पर उसने शक्ति सिंह को पीछा करने से मना किया तो उसने उसे बेइज्जत (शेष पृष्ठ-3 पर)

# जमीन पर जबरन कब्जा

## दो वकीलों पर हुई एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-142 में मोहियापुर गांव के एक व्यक्ति ने अपने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। नामजद किए गए तीनों भाइयों में दो अधिवक्ता हैं। मोहियापुर गांव निवासी जीतराम, बच्चन, भीम सिंह ने बीते दिनों डीसीपी को एक पत्र लिखकर अपनी शिकायत की थी। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि उनके गांव में पुश्तैनी भूमि है और उसमें वह लोग निवास कर रहे हैं। गांव के ही देवेंद्र एडवोकेट संदीप एडवोकेट व लोकेंद्र आदि ने उनकी 300 वर्ग गज भूमि 1 वर्ष पूर्व कब्जा कर उस पर तीन दुकान बना ली थी। इस मामले में उन्होंने सितंबर 2024 को शिकायती पत्र दिया था लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में गांव वालों ने फैसला करा दिया और उन्होंने अपनी शेष जमीन पर दीवार बनाकर 18 फुट चौड़ा व्यक्तिगत रास्ता अपनी जमीन पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सेक्टर-29 में आकांक्षा स्टोर का हुआ शुभारंभ

## सीईओ, डीएम समेत कई अधिकारी व गणमान्य लोग रहे मौजूद



**नोएडा (चेतना मंच)।** आज सेक्टर-29 स्थित गंगा शॉपिंग कांप्लेक्स में आकांक्षा स्टोर का शुभारंभ किया गया। यह स्टोर आकांक्षा समिति तथा जेवर फाउंडेशन का संयुक्त उपक्रम है। इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, आकांक्षा समिति के उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह, आकांक्षा समिति के गौतमबुद्धनगर की जिलाध्यक्ष डॉ. अंकिता राज, सचिव प्रीति राघव, कोषाध्यक्ष प्रेरणा सिंह आइएएस तथा नोएडा जोन के पुलिस उपायुक्त यमुना प्रसाद मौजूद थे। इसके अलावा नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन, डीडीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एनपी सिंह समेत शहर के गणमान्य लोग



मौजूद थे।

बता दें कि आकांक्षा समिति उप्र के आईएएसओडब्ल्यूए की विकास इकाई है तथा जेवर फाउंडेशन जेवर इम्पावरमंट एंड वेलफेयर फाउंडेशन का संगठन है।

# छांगुर बाबा गैंग का मददगार क्राइम ब्रांच का प्रभारी सस्पेंड



**गाजियाबाद।** मतांतरण और मनी लांड्रिंग के आरोपित छांगुर बाबा के गैंग के मददगार क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी पर गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर ने कड़ा एक्शन लिया है। मेरठ पुलिस द्वारा गाजियाबाद पुलिस को ऐसा ही इनपुट देने के बाद आयुक्त ने बुधवार रात क्राइम ब्रांच प्रभारी को सस्पेंड कर दिया।

मामला मेरठ में छांगुर गिरोह की शिकार हुई पीड़िता को सिविल लाइन थाना प्रभारी रहते हुए तलाशने में लापरवाही बरतने और पीड़ित स्वजन को धमकाने का है।

जानकारी के मुताबिक इंस्पेक्टर अब्दुर रहमान सिद्दीकी पर आरोप है कि वर्ष 2019 में मेरठ के सिविल लाइन थाना प्रभारी रहते हुए उसने छांगुर बाबा के गुर्गे बदर अख्तर सिद्दीकी पर एक एयर होस्टेस को गायब करने के आरोप की जांच नहीं की। यहां तक कि पीड़ित स्वजन को धमकाकर भगा दिया गया।

एटीएस भी छांगुर बाबा की गिरफ्तारी के बाद इस मामले की जांच कर रही है। लंबे समय से पीड़िता के गायब होने की जांच चलने के बाद इंस्पेक्टर के खिलाफ मेरठ में (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बदमाशों ने घेर कर मोबाइल छीना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र में चार बदमाशों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उससे मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

अकबरपुर बहरामपुर गाजियाबाद निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसका एक प्लॉट बिसरख चौकी के पास है। 11 जुलाई को वह अपने प्लॉट से घर वापस आ रहा था। चौकी से कुछ दूर पहले तीन-चार अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद आरोपी उसका मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। विनोद कुमार के मुताबिक मारपीट में उसे काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और बदमाशों की पहचान का प्रयास कर रही है।

# फिटजी के हजारों छात्रों के भविष्य को लेकर आज हाईकोर्ट में सुनवाई!

- 279 अभिभावकों ने दायर की थी याचिका, 6 माह बाद भी पुलिस ने नहीं दाखिल की चार्जशीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-62 स्थित FIITJEE सेंटर में इंजीनियरिंग व मेडिकल की तैयारी कर रहे हजारों छात्रों के भविष्य को लेकर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में दोपहर बाद सुनवाई होगी। फिटजी कोचिंग सेंटर के बंद होने के बाद हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो चुका था। इसके खिलाफ 279 छात्रों के अभिभावकों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

मुख्य याचिकाकर्ता नीरज सिंह ने **चेतना मंच** को बताया कि कोचिंग सेंटर बंद होने के बाद उन्होंने सेक्टर-58 थाने में एफआईआर



कराई थी। कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से लेकर मुख्यमंत्री तक को शिकायत की। लेकिन सभी प्रयास विफल साबित हुए। अभी तक पुलिस ने 6 माह बाद चार्जशीट तक नहीं लगाई। अंतत:उन्होंने 279 अभिभावकों के साथ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले की सुनवाई आज इलाहाबाद हाईकोर्ट के कोर्ट नंबर-43 में न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा एवं न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ द्वारा की जाएगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बैंगलुरू की तर्ज पर अब वाट्सएप पर बुक होंगे एक्वा मेट्रो के टिकट

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मेट्रो में जल्द ही वाट्सऐप से टिकट बुक किया जा सकेगा। इसके बाद मुसाफिरों को कतार में लगने की जरुरत नहीं होगी। साथ ही वो घर बैठे ही टिकट बुक कर सकेंगे। ये सुविधा अभी बैंगलुरू में है। इसी तर्ज पर एनएमआरसी इस सुविधा को यहां लेकर आ रहा है। वर्तमान में नोएडा में रोजाना करीब 52 हजार से ज्यादा मुसाफिर सफर करते है। जिनको फायदा होगा। नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी डॉक्टर लोकेश एम ने बताया कि एक नंबर जारी किया जाएगा। जिस पर HI लिखने के बाद आगे की प्रक्रिया होगी। टिकट बुक हो सकेगा।

नोएडा में मेट्रो 29 किमी का



दायरा कवर करती है। ये सेक्टर-51 से ग्रेटरनोएडा डिपो तक कुल 21 मेट्रो स्टेशन है। इसके अलावा नोएडा बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142, ग्रेटरनोएडा डीपो से बोडाकी और ग्रेनो वेस्ट से नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित है। इन सभी की फाइल केंद्र सरकार के पास है। जल्द ही मंजूरी मिलेगी। ऐसे में लाखों मुसाफिरों को इसका फायदा होगा। इसके लिए एनएमआरसी की टैक्निकल टीम अपना वर्क कर रही है। जल्द ही नंबर जारी किया जाएगा।

# तमंचा व कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन बदमाशों को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे।

थाना दादरी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम कठहेडा रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि अग्रसेन स्कूल के गेट के पास राजू शर्मा नामक युवक तमंचा लेकर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में राजू शर्मा ने बताया कि वह राहगीरों को तमंचा दिखाकर उन्हें लूट लेता है।

थाना दनकौर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सलारपुर अंडरपास के पास से जतिन नागर को हिरासत में लिया है। इसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पकड़ा गया आरोपी मोहल्ला प्रेमपुरी कस्बा दनकौर का रहने वाला है। वहीं थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने अस्पताल के पास बने पार्क से राजू नामक युवक को हिरासत में लिया तलाशी में इसके पास से तमंचा का कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे। बदमाशों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# अब प्राधिकरण के अदालती मामलों में आएगी तेजी

## इसी माह तैयार होगा साफ्टवेयर, तीन दिन पूर्व जाएगा एलर्ट

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज सिंह की फटकार के बाद नोएडा प्राधिकरण के विचाराधीन अदालती मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी तथा मामलों की नवीनतम जानकारी भी संबंधित अधिकारियों को मिल सकेगी। इसी महीने नोएडा प्राधिकरण ऐसा साफ्टवेयर शुरू करने जा रहा है जिसमें नोएडा प्राधिकरण के हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट में चल रहे सभी मामले अपडेट हो सकेंगे। वहीं तारीख से तीन दिन पूर्व संबंधित अधिकारियों को ताजा जानकारी मिल सकेगी ताकि वे केस की तैयारी कर पैरवी कर सकें।

नोएडा प्राधिकरण विभिन्न अदालतों में चल रहे केस को लेकर सजग हो गया है। वो एक ऐसा साफ्टवेयर डेवलेप कर रहा है जिससे तरीख के तीन दिन पहले ही प्राधिकरण के अधिनस्त अधिकारियों को अलर्ट मिल जाएगा। जिससे केस की पैरवी करने और समय से कोर्ट उपस्थित होने में दिक्कत नहीं होगी। दरअसल नोएडा में लैंड, कामर्शियल, ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्री के तमाम मामले अदालतों में चल रहे है। इसमें सबसे ज्यादा मामले लैंड विभाग से है।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि इसके लिए कंपनी ने प्रजेंटेशन किया था। जिसमें कुछ संसोधन के बाद इस साफ्टवेयर को डेवलेप किया जाएगा। ये साफ्टवेयर इसी महीने में तैयार होगा। जिसमें अदालत में चल रहे केस की जानकारी को फीड किया जाएगा। एक बार केस की जानकारी फीड होने पर समय पर जानकारी मिलेगी। साथ ही जिस दिन केस पर सुनवाई होगी उससे तीन पहले जानकारी मिलेगी। केस दर केस जानकारी को इसमें अपडेट भी किया जाएगा।

प्राधिकरण सीईओ ने बताया इस साफ्टवेयर तकनीक से हम कंटेप्ट के मामलों से बच सकेंगे। समय पर पैरवी के लिए पूरी तैयारी कर सकेंगे। वकीलों के साथ समनव्य बना सकेंगे। इसमें वकीलो का रिकार्ड भी मैनटेन किया जा सकेगा। पहले फेज में इसमें सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अकेला इंसान

विश्व स्वास्थ्य संगठन की वह रिपोर्ट चौंकाती है कि दुनिया में हर छठा इंसान अकेला है। दुनिया के करोड़ों लोग टूटे रिश्तों व संवाद से विलग होकर नितांत खामोशी का जीवन जी रहे हैं। सही मायनों में इंसान के भीतर की ये खामोशी लाखों जिंदगियां लील रही है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। निश्चय ही जीवन की जटिलताएं बढ़ी हैं। कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। पीढ़ियों के बीच का अंतराल विज्ञान व तकनीक के विस्तार के साथ तेज हुआ है। सोच के भौतिकवादी होने से हमारी आकांक्षाओं का आसमान ऊंचा हुआ है। लेकिन यथार्थ से साम्य न बैठा पाने से हताशा व अवसाद का विस्तार हो रहा है। जिसके चलते निराशा हमें एकाकीपन की ओर धकेल देती है। कहने को तो सोशल मीडिया का क्रांतिकारी ढंग से विस्तार हो रहा है। लेकिन इसकी हकीकत आभासी है। हो सकता है किसी व्यक्ति के हजारों मित्र सोशल मीडिया मंचों पर हों, लेकिन यथार्थ के जीवन में व्यक्ति बिल्कुल एकाकी होता है। आभासी मित्रों का कृत्रिम संवाद हमारी जिंदगी के सवालों का समाधान नहीं दे सकता। निश्चित रूप से कृत्रिम रिश्ते हमारे वास्तविक रिश्तों के ताने-बाने को मजबूत नहीं कर सकते। दरअसल, लोगों में यह आम धारणा बलवती हुई है कि जिसके पास पैसा है तो वह सबकुछ कर सकता है। जिसके चलते उसने आस-पड़ोस से लेकर कार्यस्थल पर सीमित पहुंच बनायी है। यही वजह है कि हमारे इर्द-गिर्द की भीड़ और ऑनलाइन जिंदगी के हजारों मित्रों के बावजूद व्यक्ति एकांत में जीने के लिये अभिशप्त है। सही बात ये है कि लोग किसी के कष्ट और मन की पीड़ा के प्रति संवेदनशील व्यवहार नहीं करते। हर तरफ कृत्रिमताओं का बोलबाला है। हमारे मिलने-जुलने वाले त्योहार भी अब दिखावे व कृत्रिम सौगातों की भेंट चढ़ गए हैं। हमें उन कारकों पर मंथन करना होगा, जिनके चलते व्यक्ति निजी जीवन में लगातार एकाकी होता जा रहा है। विडंबना यह है कि कृत्रिमताओं के चलते कहीं न कहीं हमारे शब्दों की प्रभावशीलता में भी कमी आई है। कालांतर व्यक्ति लगातार एकाकी जीवन की ओर उन्मुख होना लगा है। हमारे संयुक्त परिवारों का बदलता स्वरूप भी इसके मूल में है। पहले घर के बड़े बुजुर्ग किसी झटके या दबाव को सहजता से झेल जाते थे। सब मिल-जुलकर आर्थिक व सामाजिक संकटों का मुकाबला कर लेते थे। शहरों की महंगी जिंदगी और कामकाजी परिस्थितियों का लगातार जटिल होना संकट को गहरा बना रहा है। उन परिवारों में यह स्थिति और जटिल है, जहां पति-पत्नी दोनों कामकाजी हैं और बच्चे हॉस्टलों व बोर्डिंग स्कूल में रह रहे हैं। धीरे-धीरे यह एकाकीपन अवसाद तक पहुंचता है। जो कालांतर एक ऐसे मनोरोग का रूप ले लेता है, जिसका उपचार कराने में भी पीड़ित व्यक्ति संकोच करने लगता है। इस स्थिति से व्यक्ति की वापसी सहज भी नहीं होती। जब हम डब्ल्यूएचओ के आंकड़े की बात करते हैं कि दुनिया में हर छठा व्यक्ति अकेलेपन की गिरफ्त में है तो उस कुल संख्या का अनुमान लगाना कठिन नहीं है, जो वास्तव में इससे पीड़ित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का वह आंकड़ा चौंकाता है कि अकेलापन हर साल तकरीबन आठ लाख लोगों की जीवन लीला समाप्त कर रहा है। जो यह दर्शाता है कि व्यक्ति न केवल समाज व अपने कार्यालयी परिवेश से अलग-थलग हुआ है, बल्कि वह परिवार से भी कटा है। पिछले दिनों देश के शीर्ष उद्योगपतियों ने कार्यालयों में काम के घंटे बढ़ाने का आग्रह किया था। एक उद्यमी ने तो यहां तक कहा कि क्या जरूरी है कि घर में रहकर पत्नी का ही चेहरा देखा जाए। यह एक संवेदनहीन प्रतिक्रिया थी। पहले ही कार्य परिस्थितियों के दबाव से युवा पीढ़ी में कई तरह की समस्याएं देखी जा रही हैं। नई पीढ़ी मन में आक्रोश, आकांक्षाएं पूरी न होने की कसक व अरुचिकर परिस्थितियों के चलते पहले ही घुटन महसूस कर रही है। उस पर कार्य परिस्थितियों की जटिलता से उपजी कुंठा उन्हें एकाकी जीवन की ओर धकेल सकती है। ऐसे में सामाजिक जुड़ाव, संवाद व संवेदनशीलता ही एकाकीपन दूर करेगी।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि दीनों पर दया करने वाले, कौसल्याजी के हितकारी कृपालु प्रभु प्रकट हुए। मुनियों के मन को हरने वाले उनके अद्भुत रूप का विचार करके माता हर्ष से भर गई। नेत्रों को आनंद देने वाला मेघ के समान श्याम शरीर था, चारों भुजाओं में अपने ( खास ) आयुध ( धारण किए हुए ) थे, ( दिव्य ) आभूषण और वनमाला पहने थे, बड़े-बड़े नेत्र थे। इस प्रकार शोभा के समुद्र तथा खर राक्षस को मारने वाले भगवान प्रकट हुए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कह दुइ कर जोरी अस्तुति तोरी केहि बिधि करौं अनंता।**
**माया गुन ग्यानातीत अमाना बेद पुरान भनंता॥**
**करुना सुख सागर सब गुन आगर जेहि गावहिं श्रुति संता।**
**सो मम हित लागी जन अनुरागी भयउ प्रगट श्रीकंता॥**

दोनों हाथ जोड़कर माता कहने लगी- हे अनंत! मैं किस प्रकार तुम्हारी स्तुति करूँ। वेद और पुराण तुम को माया, गुण और ज्ञान से परे और परिमाण रहित बतलाते हैं। श्रुतियाँ और संतजन दया और सुख का समुद्र, सब गुणों का धाम कहकर जिनका गान करते हैं, वही भक्तों पर प्रेम करने वाले लक्ष्मीपति भगवान मेरे कल्याण के लिए प्रकट हुए हैं॥

**ब्रह्मांड निकाया निर्मित माया रोम रोम प्रति बेद कहै।**
**मम उर सो बासी यह उपहासी सुनत धीर मति थिर न रहै॥**
**उपजा जब ग्याना प्रभु मुसुकाना चरित बहुत बिधि कीन्ह चहै।**
**कहि कथा सुहाई मातु बुझाई जेहि प्रकार सुत प्रेम लहै॥**

भावार्थ-वेद कहते हैं कि तुम्हारे प्रत्येक रोम में माया के रचे हुए अनेकों ब्रह्माण्डों के समूह (भरे) हैं। वे तुम मेरे गर्भ में रहे- इस हँसी की बात के सुनने पर धीर (विवेकी) पुरुषों की बुद्धि भी स्थिर नहीं रहती (विचलित हो जाती है)। जब माता को ज्ञान उत्पन्न हुआ, तब प्रभु मुस्कुराए। वे बहुत प्रकार के चरित्र करना चाहते हैं। अत: उन्होंने (पूर्व जन्म की) सुंदर कथा कहकर माता को समझाया, जिससे उन्हें पुत्र का (वात्सल्य) प्रेम प्राप्त हो (भगवान के प्रति पुत्र भाव हो जाए)॥

(क्रमश:...)

# भारत में तेज गति से आगे बढ़ता पर्यटन उद्योग

भारत में पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कई वर्षों से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, परंतु इस क्षेत्र में वृद्धि दर कम ही रही है। क्योंकि, भारत में पर्यटन का दायरा केवल ताजमहल, कश्मीर एवं गोवा आदि स्थलों तक ही सीमित रहा है। परंतु, हाल ही के वर्षों में धार्मिक क्षेत्रों यथा, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, उज्जैन, हरिद्वार, उत्तराखंड में चार धाम (केदारधाम, बद्रीधाम, गंगोत्री एवं यमुनोत्री), माता वैष्णोदेवी एवं दक्षिण भारत स्थित विभिन्न मंदिरों सहित, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं सिक्ख धर्म के कई पूजा स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर इन्हें आपस में जोड़कर पर्यटन सर्किट विकसित किए गए हैं। इससे भारत में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। विभिन्न देशों से भी अब पर्यटक इन नए विकसित किए गए धार्मिक स्थलों पर भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। योग एवं आयुर्वेद भी हाल ही के समय में विदेशों में काफी लोकप्रिय हो गया है अत: इसकी खोज के लिए विदेशों से कई पर्यटक भारत में धार्मिक पर्यटन करने के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इससे विदेशी पर्यटन भी देश में तेजी से वृद्धि दर्ज कर रहा है।

हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में स्व का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं।

विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटीकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अत: अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। एक अनुमान



के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा। इसके पूर्व में केंद्र सरकार ने भी देश के 12 शहरों को हृदय योजना के अंतर्गत भारत के विरासत शहरों के तौर पर विकसित करने की घोषणा की है। ये शहर हैं, अमृतसर, द्वारका, गया, कामाख्या, कांचीपुरम, केदारनाथ, मथुरा, पुरी, वाराणसी, वेल्लांकनी, अमरावती एवं अजमेर। हृदय योजना के अंतर्गत इन शहरों का सौंद्रयीकरण किया जा रहा है ताकि इन शहरों की पुरानी विरासत को पुनर्विकसित कर पुनर्जीवित किया जा सके। इस हेतु देश में 15 धार्मिक सर्किट भी विकसित किये जा रहे हैं। हृदय योजना को लागू करने के बाद से केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने कई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें से अधिकतर परियोजनाओं पर काम भी प्रारम्भ हो चुका है। इन सभी योजनाओं का चयन सम्बंधित राज्य सरकारों की राय के आधार पर किया गया है।

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा पर्यटन की गति को तेज करने के उद्देश्य से किए जा रहे उक्तवर्णित उपायों के चलते अब भारतीय पर्यटन उद्योग तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय पर्यटन उद्योग ने वर्ष 2024 में 2,247 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आकार ले लिया है। वर्ष 2033 तक इसके 3,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचने की सम्भावना है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2034 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन उद्योग का योगदान बढ़कर 43.25 लाख करोड़ रुपए का हो जाने वाला है। भारत के हवाईअड्डों पर भारी भीड़ अब आम बात हो गई है एवं हेरिटेज स्थलों पर विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ दिखाई देने लगी है। देश के नागरिक एवं अन्य देशों के पर्यटक भारत में पर्यटन के लिए घरों से बाहर निकलने लगे हैं। भारत में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है एवं आम भारतीयों की डिसपोजेबले आय में भी वृद्धि दर्ज हुई है। अत: भारतीय नागरिक, विदेशी स्थलों पर पर्यटन के लिए जाने के स्थान पर अब भारत में ही विभिन्न स्थलों पर पर्यटन करने लगे हैं। इस बीच देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार भी किया गया है। होटल उद्योग ने भारी मात्रा में होटलों का निर्माण कर पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध कमरों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। रेल एवं हवाई यात्रा को बहुत सुगम बनाया गया है तथा 4 लेन से लेकर 8 लेन की सड़कों का निर्माण किया गया है, जिससे पर्यटकों के लिए यातायात की सुविधाओं में बहुत सुधार हुआ है। इससे कुल मिलाकर अब भारतीय परिवार अपने घर से बाहर भी घर जैसा वातावरण एवं आराम महसूस करने लगे है। अत: अब भारतीय परिवार वर्ष में कम से कम एक बार तो पर्यटन के लिए अपने घर से बाहर निकलने लगे हैं। वर्ष 2023 में भारत में अंतरराष्ट्रीय हवाई उड़ानों में 124 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है और 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए हैं, जो अपने आप में एक रिकार्ड है। विदेशी पर्यटन से विदेशी मुद्रा की आय 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1.71 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गई है। गोवा, केरल, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, पश्चिमी बंगाल एवं पंजाब में देशी पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। अब तो उत्तर प्रदेश भी विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। वर्ष 2022 में 31.7 करोड़ भारतीय पर्यटक उत्तर प्रदेश पहुंचे हैं। वर्ष 2023 में तमिलनाडु में 10 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक पहुंचे हैं। वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित किए गए महाकुम्भ मेले के अवसर पर लगभग 66 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी के पावन तट पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे हैं, जो अपने आप में विश्व रिकार्ड है।

भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है एवं देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारत में प्राचीन समय से धार्मिक स्थलों की यात्रा, पर्यटन उद्योग में, एक विशेष स्थान रखती है। एक अनुमान के अनुसार, देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। देश के पर्यटन उद्योग में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। देश में पर्यटन उद्योग में 87 प्रतिशत हिस्सा देशी पर्यटन का है जबकि शेष 13 प्रतिशत हिस्सा विदेशी पर्यटन का है। अत: भारत में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों को विकसित करने हेतु प्रयास कर रही हैं। पर्यटन उद्योग में कई प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का समावेश रहता है। यथा, अतिथि सत्कार, परिवहन, यात्रा इंतजाम, होटल आदि। इस क्षेत्र में व्यापारियों, शिल्पकारों, दस्तकारों, संगीतकारों, कलाकारों, होटेल, वेटर, कूली, परिवहन एवं टूर आपरेटर आदि को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होते है।

केंद्र सरकार के साथ साथ हम नागरिकों का भी कुछ कर्तव्य है कि देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हम भी कुछ कार्य करें। जैसे प्रत्येक नागरिक, देश में ही, एक वर्ष में कम से कम दो देशी पर्यटन स्थलों का दौरा अवश्य करे। विदेशों से आ रहे पर्यटकों के आदर सत्कार में कोई कमी न रखें ताकि वे अपने देश में जाकर भारत के सत्कार का गुणगान करे। आज करोड़ों की संख्या में भारतीय, विदेशों में रह रहे हैं। यदि प्रत्येक भारतीय यह प्रण करे की प्रतिवर्ष कम से कम 5 विदेशी पर्यटकों को भारत भ्रमण हेतु प्रेरणा देगा तो एक अनुमान के अनुसार विदेशी पर्यटकों की संख्या को एक वर्ष के अंदर ही दुगना किया जा सकता है।

**- प्रहलाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**

# अतिवृष्टि की बाढ़ से घिरा जनजीवन

जब से ऋतुचक्र बिगड़ा है तब से वर्षा का वर्षण भी अनिश्चित हो चुका है। इसी वर्षा ऋतु से पहले चारों ओर अतिवृष्टि के कारण आई बाढ़ ने जनजीवन के लिए मृत्यु से लेकर अनेक अन्य संकट उत्पन्न कर दिए हैं। पंचांग तथा वार्षिक अंकपत्र के अनुसार श्रावण मास अब कुछ दिन पूर्व ही आरंभ हुआ है, किंतु अत्यधिक वर्षा के कारण देश के अधिसंख्य प्रांत ही नहीं बल्कि अन्य देशों के कई प्रांतों में भी बाढ़ की स्थितियां-परिस्थितियां निर्मित हुई हैं। मई के अंत से लेकर पूरे जून माह तक राजधानी दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, असम में अनिश्चित, अनियंत्रित तथा उथल-पुथल मचाने वाली वर्षा ने जनजीवन को संकट में डाल दिया था। और अब जुलाई के पहले पंद्रह दिनों में भी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पूर्वोत्तर राज्यों में अधिक वर्षा के कारण बाढ़ से ग्रस्त क्षेत्रों के लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। अप्रैल के बाद अब सावन के आगमन तक देश में बादल फटने, बिजली गिरने तथा अतिवृष्टि के कारण आई बाढ़ से हजारों लोग मारे जा चुके हैं। भारत ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया इत्यादि देशों में भी अत्यधिक वर्षा के कारण आई जलप्रलय में कई सौ लोग मारे गए हैं। नगर, उपनगर, बड़े-बड़े आवासीय क्षेत्र विशाल जलराशि में डूबे हुए हैं। लाखों-करोड़ों रुपए मूल्य की व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक संपत्तियां-परिसंपत्तियां नष्ट हो चुकी हैं। मृतकों के परिवार वालों के सामने अन्न-जल के संकट के साथ-साथ आवास, आजीविका और सामाजिक-आर्थिक असुरक्षा की समस्याएं भी खड़ी हैं। वर्षा ऋतु के बीतने तक उनका दैनिक जीवन बहुत अधिक कष्टकारी बना रहेगा। यह परिस्थिति प्राकृतिक प्रतिकूलताओं तथा जलवायु असंतुलन की पुनरावृत्ति के कारण गत तीस-चालीस वर्षों से हरेक वर्ष अधिक भयंकर रूप में उत्पन्न हो रही है। बाढ़ के बहते हुए पानी तथा विशाल क्षेत्र में ठहरे हुए कीचड़-गाद-गंदगी से युक्त पानी के कारण अकल्पनीय समस्याएं होती हैं। प्रकार-प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं। रहन-सहन, भोजन, पेयजल, आजीविका, विद्यालय, शिक्षा, काम-धंधे, व्यवसाय, नौकरी, सब कुछ अस्त-व्यस्त हो जाता है। अतिवृष्टि तथा बाढ़ के उपरांत निरंतर आकार लेने वाली जलजनित समस्याओं का निदान कुछ दिनों, सप्ताहों अथवा माहों में नहीं हो पाता। ऐसी समस्याएं वर्षोंवर्ष बनी रहती हैं तथा समस्याग्रस्त लोगों के जीवन को अकल्पनीय बुराइयों के अधीन करके भयंकर ढंग से असुरक्षित कर देती हैं। भारत जैसे देश में जहां भूक्षेत्र एवं जनसंख्या के आधार पर यूरोपीय देशों के बराबर अथवा उनसे भी विशाल 28 राज्य व 8 केंद्रशासित प्रदेश विद्यमान हैं तथा पूरे विश्व में जिस देश की जनसंख्या सबसे अधिक है, वहां अतिवृष्टि की बाढ़ द्वारा सामान्य लोगों का जीवन किस सीमा तक प्रभावित होता होगा, इसका आभास बाढ़ से घिरे सामान्य लोगों के साथ रहकर ही हो सकता है। ऐसी स्थितियों-परिस्थितियों से घिरे लोगों की जीवन-असुरक्षा अत्यंत भयाक्रांत होती है। इस लेखक ने उत्तराखंड के एक जनपद मुख्यालय से कुछ दूर स्थित एक लघु उपनगर में रहते हुए निरंतर दो वर्षों तक वर्षा की अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ में अपने आवास तथा उसके चहुंओर के क्षेत्र को निरुपाय होकर केवल और केवल ईश्वर के भरोसे सुरक्षित होने की प्रार्थना करते देखा व भोगा है। ऐसी अतिवृष्टि, ऐसी बाढ़, ऐसी आपदा से प्रत्यक्ष प्रभावित लोग भाग्य के बूते ही जीवित रह पाते हैं। जिनका भाग्य निर्बल होता है, वे असुरक्षित पर्यावास के उजड़ने-बहने के कारण मृत्यु के मुख में समा जाते हैं। जीवित लोग भी केवल अपने शरीर के साथ जीवित होते हैं।

उनका आवास, जीवनचर्या के लिए आवश्यक भौतिक वस्तुएं, सभी कुछ आपदा में नष्ट हो जाता है। उनके लिए जीवन में प्रत्येक आवश्यकता, सुविधा तथा वस्तु को पुन: क्रय करके संग्रहीत करना अत्यंत कठिन हो जाता है। शासन, समाज, सहायता प्रदान करने वाले संगठनों तथा संबंधियों द्वारा सहायता-धनराशि एवं अन्य जीवन-सुविधाएं तत्काल व सुगमतापूर्वक प्रदान नहीं की जातीं। इन्हें प्राप्त करने के लिए भी पीड़ित व्यक्तियों को संघर्ष करना पड़ता है। इन परिस्थितियों में जब पीड़ितों का जीवन चहुंओर से असुरक्षित तथा संघर्ष में व्यतीत होता है तो उनका मन अवसादग्रस्त हो जाता है।

उनकी आत्मा निर्बल हो जाती है। प्राकृतिक आपदाओं के देखे-भोगे गए संकट का प्रतिघात तथा आपदा के संकट से निकलने के बाद जीवन जीने की असुरक्षा व संघर्ष में व्यतीत होते दिनों का दुख इतना गहन होता है कि पीड़ित व्यक्ति जीवनभर आत्मविश्वास अर्जित नहीं कर पाता। वास्तव में जलजनित आपदाओं का भौतिक तथा मानसिक आघात वही अनुभव कर सकता है, जिसने इन्हें प्रत्यक्ष भोगा हो। एक लेखक होकर भी मैं अपने साथ घटी दो अतिवृष्टिकारी घटनाओं को आज तक वर्णित नहीं कर पाया हूं। उस समयावधि में संकट का प्रभाव इतना अधिक था कि परिवार सहित मैंने भी मान लिया था कि अब मृत्यु सन्निकट है। जब मैंने देखा कि जलजले में पृथ्वी-व्योम सहित सब कुछ अतिवृष्टि के अधीन हो गया है तो समझ गया कि ऐसा होने की अवधि में कोई भी आपदा राहत दल संकट से घिरे लोगों तक पहुंच ही नहीं सकता। आपदा से घिरे होने के अपने निजी अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि किसी भी राहत प्रदान करने वाले दल के लिए अतिवृष्टि के समय जलजले से ग्रस्त क्षेत्र में पहुंचना संभव है ही नहीं। राहत दल अपने सभी संभव उपायों एवं राहत प्रदान करने वाले कार्यों को केवल और केवल संकट से पूर्व तथा संकट के बाद ही संपन्न कर सकते हैं।

**विकेश कुमार बडोला**

# राशिफल

**श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, अमावस्या** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी में थोड़ी सी परेशानी या बहुत अच्छा नहीं होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वयं के स्वास्थ्य और अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यापारिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धन की चिंता सताएगी। गर्मजोशी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य बुझा-बुझा सा रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी रहेगी। व्यापार भी अच्छा रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
खर्च की अधिकता रहेगी। मानसिक परेशानी बनी रहेगी। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा। व्यापार भी लगभग ठीक रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यात्रा बहुत लाभप्रद नहीं होगा। प्रेम-संतान मध्यम रहेगा। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। अभी मनमुताबिक परिणाम नहीं आएगा। राजनीतिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य पर भरोसा करके कोई काम न करें। मध्यम भाग्य का निर्माण होगा। यात्रा अभी छोड़ दें, न करें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। वाहन धीरे चलाएं।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी की स्थिति मध्यम रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता रहेगी, यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दें। भावुकता पर काबू रखें।

# सेक्टर-37 की गलियों में छाया अंधेरा खराब स्ट्रीट लाइटों से लोग परेशान




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-37 के निवासियों को इन दिनों गहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की हालत बेहद खराब है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गली की लाइटें लंबे समय से खराब हैं, और जब इन्हें ठीक किया भी जाता है, तो दो दिन भी ठीक से नहीं चल पातीं। कुछ न कुछ तकनीकी फॉल्ट फिर से हो जाता है, जिससे पूरी गली में अंधेरा फैल जाता है।

बारिश के इस मौसम में हालात और भी चिंताजनक हो गए हैं। अंधेरे में कीट-पतंगे और सांप जैसे जहरीले जीव निकल आते हैं, जो दिखाई न देने की वजह से खतरा बन सकते हैं। इससे रात के समय घर से बाहर निकलना लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है।

निवासियों ने बताया कि कई स्ट्रीट लाइट के पैनल सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए केवल टेप लगाकर बंद किए गए हैं। यह तरीका न केवल असुरक्षित है बल्कि बारिश के मौसम में करंट लगने जैसी गंभीर दुर्घटनाओं को भी जन्म दे सकता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण टीम ने सेक्टर बीटा-1 में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग के सहायक प्रबंधक गौरव बघेल ने सेक्टर बीटा-1 स्थित मंदिर के आसपास सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री बघेल ने मौके पर मौजूद गार्बेज कर्मचारियों को बुलाकर सार्वजनिक स्थलों पर पड़े कूड़े की जांच करवाई और उसमें से पता खोजकर संबंधित व्यक्तियों को चेतावनी दी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भविष्य में किसी को खुले में कूड़ा फेंकते पाया गया, तो प्राधिकरण की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री बघेल के इस रुख से स्थानीय लोगों में भी साफ-सफाई को लेकर सजगता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्थानीय निवासी हरेंद्र भाटी ने जानकारी दी कि गार्बेज कलेक्शन की गाड़ियां नियमित रूप से तय समय पर आ रही हैं, इसके बावजूद कुछ लोग अब भी लापरवाही बरतते हुए खुले में कूड़ा फेंक रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों पर आर्थिक दंड लगाने की मांग की।

स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्राधिकरण के इस निरीक्षण की सराहना की और कहा कि इस तरह के औचक निरीक्षण समय-समय पर होने चाहिए ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बनी रहे और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर ग्रेटर नोएडा पहुंचे भाजपा नेता डॉ. दीपक कुशवाहा ने कल शिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया।

# कैप्टन लक्ष्मी सहगल की स्मृति में माकपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने सेक्टर-8 में पार्टी कार्यालय पर आजाद हिंद फौज की वीरांगना कैप्टन लक्ष्मी सहगल के स्मृति दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन सीपीआई(एम) के जिला प्रभारी गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद और स्वतंत्रता संग्राम के प्रखर नेता लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती भी मनाई गई।




गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि कैप्टन लक्ष्मी सहगल देश की स्वतंत्रता संग्राम की ऐसी सच्ची वीरांगना थीं, जिन्होंने न सिर्फ अंग्रेजों से लोहा लिया, बल्कि आजादी के बाद भी सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की निकट सहयोगी रहीं और रानी झांसी रेजीमेंट की कमांडर बनकर महिलाओं के सशस्त्र आंदोलन की प्रतीक बनीं।

उन्होंने बताया कि डॉक्टर लक्ष्मी ने 1938 में एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की और बाद में सिंगापुर में नेताजी से जुड़कर आजाद हिंद फौज की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभाई। आजादी के बाद वे कम्युनिस्ट आंदोलन से जुड़ीं और जनवादी महिला समिति की संस्थापक सदस्यों में रहीं। उन्होंने जीवनभर गरीबों के लिए मुफ्त चिकित्सा सेवाएं दीं और 98 वर्ष की आयु में 23 जुलाई 2012 को उनका निधन हुआ।

# नौसिखिये पदाधिकारी पार लगाएंगे भाजपा की चुनावी नैया!

## मंडल अध्यक्षों ने पुराने कार्यकर्ताओं को किया दरकिनार, नये चेहरों को तरजीह

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में जनपद के अनुभवहीन नोसिखिये पदाधिकारियों को चुनावी नैयार पार लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसको लेकर भाजपा के पुराने, कर्मठ व सक्रिय कार्यकर्ताओं में जहां आक्रोश है। वहीं इसको लेकर खासी चर्चा भी है।

बता दें कि हाल ही में भाजपा द्वारा गठित की गई मंडल कार्यकारिणी में पुराने कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर नए लोगों को तरजीह दी गई है। ग्रेटर नोएडा मंडल में अधिकतर उन नौसिखिओं को पदाधिकारी बनाया गया है जिन्हें पार्टी में आए जुम्मा-जुम्मा 4 दिन हुए हैं। इस बात को लेकर पुराने कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

सूत्र बताते हैं कि मंडल अध्यक्षों द्वारा की गई इस मनमानी की शिकायत पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा के प्रदेश नेतृत्व से करने का मन बना रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा मंडल में 10 साल पुराने कार्यकर्ताओं को कोई जगह नहीं दी गई। वहीं साल 2 साल से पार्टी में आए कार्यकर्ताओं को पद से नवाजा गया है। ग्रेटर नोएडा मंडल भाजपा के अध्यक्षों द्वारा की जा रही पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी कहीं 2027 के विधानसभा चुनाव में भारी न पड़ जाए। कार्यकर्ताओं में इसको लेकर खासी चर्चा हो रही है। वहीं कभी एक किसान यूनियन में काम करने वाले शाहदरा के एक नेता को भी उपाध्यक्ष के पद पर ताजपोशी की गई है। इसको भी लेकर पार्टी में विरोध के स्वर उठने लगे हैं।



परीचौक पर गत तीन माह से आम जन को निःशुल्क प्याऊ लगाया गया है। इस कार्यक्रम को समाजसेवी हरेन्द्र भाटी द्वारा निरंतर चलाया जा रहा है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा ...**

को रिहा कर दिया गया है इसलिए उन्हें वापस जेल भेजने का सवाल नहीं है। आपको बता दें कि वर्ष-2006 में मुंबई की लोकल ट्रेनों में 7 विस्फोट हुए थे जिनमें 189 लोगों की मौत हुई थी जबकि 820 लोग घायल हो गए थे।

**अनिल अंबानी समूह....**

वरिष्ठ अधिकारियों के परिसरों में भी तलाशी ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक ईडी को जांच में इस बात के सबूत मिले हैं कि यह सार्वजनिक धन की हेराफेरी के लिए रची गई एक सुनियोजित साजिश थी। इसमें कई संस्थानों, बैंकों, शेयरधारकों और निवेशकों को ठगा गया। घूसखोरी के एंगल से भी जांच की जा रही है, जिसमें यस बैंक के प्रमोटर्स भी संदेहास्पद हैं। साल 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिए गए करीब 3,000 करोड़ रुपये के ऋण की अवैध तरीके से हेराफेरी और दुरुपयोग का शक है। ईडी को पता चला है कि शेल कंपनियों को यह पैसा भेजा गया।

**छांगुर बाबा गैंग का...**

जांच चल थी। इसी मामले में गाजियाबाद पुलिस को बुधवार को मेरठ पुलिस की जांच रिपोर्ट भेजी गई है।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड का कहना है कि मेरठ पुलिस से जानकारी मिली है कि मेरठ में कुछ वर्ष पूर्व तैनाती के समय इंस्पेक्टर के खिलाफ जांच शुरू हुई थी। जांच के आधार पर इंस्पेक्टर को निलंबित करने की संस्तुति की गई थी। उसी के आधार पर इंस्पेक्टर को निलंबित किया गया है।


दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी


Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


**जमीन पर जबरन...**

बना लिया। 24 जून की सुबह जीतराम व उसका पुत्र टीटू सोकर उठे तो उन्होंने देखा कि देवेंद्र, संदीप आदि उनके व्यक्तिगत रास्ते की दीवार तोड़कर अवैध रूप से जबरन रास्ता बना रहे थे। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस टीटू व संदीप को गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई। इस दौरान देवेंद्र, लोकेंद्र व उसके परिजनों ने उनकी दीवार तोड़ दी। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने एकराय होकर उनकी भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर लिया है। आरोपी पूर्व में भी जबरन उनकी 300 वर्ग गज भूमि हड़प चुके हैं और अब फिर जान से मारने की धमकी देकर उनकी भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रहे हैं।

डीसीपी के निर्देश पर पुलिस ने इस मामले की जांच की। जांच में आरोप सही पाए गए इसके बाद पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

**कंपनी का गार्ड ...**

करने की धमकी दी। लोक लाज के भय से वह चुप लगा गई। इससे शक्ति सिंह के हौसले और बढ़ गए। शक्ति सिंह ने उसका मोबाइल नंबर पता कर उस पर फोन और मैसेज करने शुरू कर दिए। उसने जब उक्त नंबर को ब्लॉक कर दिया तो शक्ति सिंह अन्य नंबरों से कॉल व मैसेज कर उसे परेशान करने लगा।

श्रुति का आरोप है कि शक्ति सिंह आए दिन उसे अश्लील मैसेज भेजने लगा। उसने जब इस बात का विरोध किया तो उसने मैसेज में उस पर तेजाब डालने की धमकी दी। उसने जब शक्ति सिंह के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह उसके पड़ोस की दूसरी गली में ही रहता है। कुछ समय से शक्ति सिंह की पत्नी वंदना ठाकुर ने भी उसके नंबर पर कॉल कर उसके साथ गाली-गलौज की और उसके माता-पिता को धमकी दी। श्रुति का आरोप है की शक्ति सिंह उसकी पत्नी वंदना ठाकुर द्वारा उसे लगातार परेशान किया जा रहा है जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गई है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**फिटजी के हजारों ...**

याचिकाकर्ता अभिभावकों का आरोप है कि FIITJEE ने उनके बच्चों की जेईई जैसी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के नाम पर लाखों रुपये की फीस वसूल की, लेकिन जनवरी 2025 में अचानक कोचिंग सेंटर बंद कर दिया, जबकि बोर्ड परीक्षाएं और जेईई मेन जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाएं होनी थीं। कुछ अभिभावकों ने बताया कि उन्होंने बच्चों की पढ़ाई के लिए लोन तक लिया था और एकमुश्त फीस जमा की थी। परंतु सेंटर बंद होने के बाद FIITJEE की ओर से कोई रिफंड नहीं दिया गया। इस संबंध में नोएडा के सेक्टर-58 थाने में एफआईआर संख्या 0041/2025 दर्ज कराई गई थी, परन्तु कोई कार्यवाही नहीं होने से परेशान अभिभावकों ने हाईकोर्ट का रुख किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल प्रयागराज के FIITJEE सेंटर बंद होने के बाद दायर याचिका में हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच (माननीय न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला एवं माननीय न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल) ने 3 अक्टूबर 2024 को सुनवाई की थी। हाईकोर्ट ने एक आदेश पारित कर पीड़ित अभिभावकों को राहत दी थी और FIITJEE को प्रयागराज के पीड्ति अभिभावकों की पूरी फीस लौटाने का निर्देश दिया था। अब देखना यह है कि नोएडा के इस मामले में भी पीड़ित अभिभावकों को हाईकोर्ट से वही राहत मिलती है या नहीं।

**अब प्राधिकरण के अदालती...**

में वल रहे केस की जानकारी को अपलोड किया जाएगा। इसके बाद एनसीएलटी, एनएलएटी और एनजीटी के मामलों को भी अपडोल किया जाएगा।









# तुरंत रद्द हो बीडीएस कॉलेज की मान्यता

## ब्राह्मण समाज महासंघ ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस की छात्रा ज्योति शर्मा की आत्महत्या को लेकर ब्राह्मण समाज महासंघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित 4 सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस कॉलेज की मान्यता तुरंत रदद की जाए। दोषी शिक्षकों व संकाय सदस्यों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। ज्योति के परिजनों को आर्थिक मुआवजा व सरकारी सहायता दी जाए। इसकी जांच के लिए स्वतंत्र समिति गठित की जाए।

इस मौके पर ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, के.के. मिश्रा, अशोक झा, गणेश शंकर त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, मनीष पाण्डेय, अक्षय द्विवेदी, अमिताभ, लाल सिंह, दीपक मिश्रा, पुष्कर शर्मा, विनय हिन्दू आदि उपस्थिति रहे।


उत्तर मध्य रेलवे
ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा सूचना संख्या : झॉसी-इन्जी0-ई-2025-129 | अनुमानित लागत रु : 14491507.55
कार्य का नाम : एफबी वेल्डिंग फॉर सीटीआर वर्क इन दी जूरिडिक्शन ऑफ़ सीनियर डीईएन/ईस्ट/झाँसी।
अमानत राशि : 222500.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 18.08.2025 at 15:00 hrs.
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 15 माह
ई-निविदा सूचना संख्या : झॉसी-इन्जी0-ई-2025-131 | अनुमानित लागत रु : 4902254.45
कार्य का नाम : झाँसी डिवीज़न :- हैवी रिपेयर टू स्टाफ क्वार्टर इन बिटवीन चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन टू कबरई अंडर एडीईएन/बाँदा।
अमानत राशि : 98100.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 18.08.2025 at 15:00 hrs.
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 08 माह
• निविदा दिनांक 18.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1281/25 (C)
@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

खास खबर

### भारत में गूगल प्ले, एंड्रॉयड ने 2024 में 4 लाख करोड़ का राजस्व कमाया

**नई दिल्ली।** भारत में गूगल प्ले और एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म ने 2024 में ऐप पब्लिशर और देश की व्यापक अर्थव्यवस्था के लिए लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जो स्मार्टफोन की बढ़ती संख्या, किफायती डेटा और सक्रिय डेवलपर्स एवं उद्यमियों की वजह से संभव हो पाया है। यह ऐप इकोसिस्टम न केवल राजस्व बढ़ा रहा है, बल्कि इसने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 35 लाख से अधिक नौकरियां भी पैदा की हैं। ऐप पब्लिशर से तात्पर्य उन कंपनियों और व्यक्तियों से है जो ऐप बनाकर उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाते हैं। डिजिटल टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रभाव ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी है, जिससे देश में रोजगार के अवसर और आर्थिक विकास में वृद्धि हो रही है।

### 12 फीसदी जीएसटी स्लैब पर फिलहाल कोई बदलाव नहीं

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि दूध, दही, पनीर जैसे रोजमर्रा के आवश्यक उत्पादों पर लागू 12 फीसदपी जीएसटी दर में अभी कोई बदलाव नहीं होगा। हाल ही में संसद में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि 12 फीसदी जीएसटी स्लैब को समाप्त करने या कम करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल विचाराधीन नहीं है। कुछ दिन पहले यह खबरें आई थीं कि जीएसटी काउंसिल द्वारा गठित मंत्री समूह 12 फीसदी स्लैब खत्म करने की सिफारिश कर सकता है। लेकिन चौधरी ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा कि जीओएम ने अभी तक अपनी रिपोर्ट वित्त मंत्रालय को नहीं सौंपा है और कोई सिफारिश प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जीएसटी दरों में बदलाव केवल जीएसटी काउंसिल की सिफारिश के बाद ही किया जाएगा।

### गढ़चिरौली में लॉयड्स मेटल्स एंड स्टील 40,000 करोड़ का निवेश करेगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में लॉयड्स मेटल्स एंड स्टील ने अगले पांच वर्षों में लगभग 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का बड़ा लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने अब तक 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है और आगामी योजनाओं के तहत 15,000 करोड़ रुपये के अयस्क संवर्धन संयंत्र और 22,000 करोड़ रुपये के इस्पात संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। गढ़चिरौली जो पूर्वी महाराष्ट्र का नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है, वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हो रहा है, जिससे निवेश के लिए बेहतर माहौल बन रहा है।

### पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशन को 122.5 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशन ने मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद अपनी पहली तिमाही के नतीजे जारी किए। यह तिमाही कंपनी के लिए एक टर्नअराउंड मोमेंट लेकर आई, क्योंकि पहली बार कंपनी ने अपने मुख्य बिजनेस से 122.5 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल इसी तिमाही में पेटीएम को 838.9 करोड़ का भारी नुकसान हुआ था, जबकि पिछली तिमाही में भी कंपनी को 539.8 करोड़ का घाटा हुआ था। हालांकि दूसरी तिमाही 25 में भी कंपनी मुनाफे में थी।
लेकिन वो मुनाफा टिकटिंग बिजनेस को जोमेटो को बेचने के चलते हुआ था। इस बार पहली ?तिमाही 26 में पेटीएम का मुनाफा पूरी तरह नॉर्मल बिजनेस ऑपरेशन्स के जरिए आया है, जो निवेशकों के लिए एक पॉजिटिव संकेत है।

### विरासत की संपूर्ण सुरक्षा के लिए कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लॉन्च

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस ने कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लॉन्च किया है। यह एक विशेष शुद्ध सुरक्षा टर्म इंश्योरेंस है, जिसे उभरते पेशेवरों और उद्यमियों के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य परिवारों को मजबूत वित्तीय सुरक्षा देना है, ताकि वे अपनी जीवनशैली बरकरार रखते हुए आत्मविश्वास से अपनी विरासत को आगे बढ़ा सकें। यह प्लान किफायती प्रीमियम पर उच्च लाइफ कवर प्रदान करता है। इसमें नौकरीपेशा लोगों, महिलाओं और ऑनलाइन खरीदारों को विशेष छूट भी मिलती है।

# हिमालया बेबीकेयर ने भारत में खोले 500 से अधिक ब्रेस्टफीडिंग सेंटर

एजेंसी

**इंदौर।** माताओं और बच्चों के स्वस्थ पोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, हिमालया बेबीकेयर ने पूरे भारत में 500 से अधिक ब्रेस्टफीडिंग रूम्स की सफल स्थापना की घोषणा की है। ये सेंटर माताओं को सार्वजनिक स्थानों पर अपने शिशुओं को गरिमा और सुविधा के साथ दूध पिलाने के लिए स्वच्छ और निजी स्थान प्रदान करते हैं।
देशभर के 27 हवाई अड्डों में ये सुविधाएँ मौजूद हैं, जिनमें मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और गोवा जैसे प्रमुख ट्रांजिट हब शामिल हैं। मध्य प्रदेश में ये सेंटर भोपाल और इंदौर हवाई अड्डों पर उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों सहित 33 रेलवे स्टेशनों पर भी माताओं के लिए ये विशेष फीडिंग रूम बनाए गए हैं। इसके अलावा, 141 अस्पतालों और विभिन्न मेट्रो शहरों व क्षेत्रीय केंद्रों के अधिक आवागमन वाले क्षेत्रों में 268 फीडिंग रूम स्थापित किए गए हैं।




- लाखों माताओं को मिल रही निजी और स्वच्छ सुविधा
- 27 हवाई अड्डों में ये सुविधाएँ मौजूद हैं, जिनमें मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और गोवा जैसे प्रमुख ट्रांजिट हब शामिल हैं।
- 33 रेलवे स्टेशनों पर भी माताओं के लिए ये विशेष फीडिंग रूम बनाए गए हैं।

जून 2025 तक, देशभर में संचालित फीडिंग रूम्स की कुल संख्या 502 है। एक सर्वेक्षण के अनुसार प्रत्येक सेंटर का प्रतिदिन औसतन 30 माताएँ उपयोग करती हैं, जिससे प्रति वर्ष 55 लाख से अधिक माताओं को लाभ मिल रहा है।
हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर डिवीजन के निदेशक, चक्रवर्ती एन. वी. ने बताया कि इन सुविधाओं का उद्देश्य माताओं को कहीं भी, संवेदनशीलता और गोपनीयता के साथ सहयोग देना है। यह पहल हिमालया के सुखद शुरूआत सुनिश्चित करने के मिशन का हिस्सा है और शहरी व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में माता-पिता के अनुभवों को समझते हुए एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव ला रही है।

## अमेरिका-जापान के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिका और जापान के बीच एक बड़ा व्यापार समझौता हुआ है, जिसकी घोषणा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को की। इस समझौते के तहत जापान से अमेरिका में आने वाले सामानों पर अब 15 प्रतिशत टैक्स लगाया जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर 1 अगस्त तक समझौता नहीं हुआ, तो यह टैक्स 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिया जाएगा। समझौते के अनुसार, जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का भारी-भरकम निवेश करेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ळ१४३ँ रङ्क' पर इस समझौते को इतिहास का सबसे बड़ा करार दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस निवेश से होने वाले 90 प्रतिशत मुनाफे पर अमेरिका का अधिकार होगा और इससे लाखों नई नौकरियाँ उत्पन्न होंगी। इसके साथ ही जापान अब अमेरिकी कारों, ट्रकों, चावल और अन्य कृषि उत्पादों के लिए अपने बाजार के द्वार खोलेगा। ट्रंप ने बताया कि यह समझौता अमेरिका के वैश्विक व्यापारिक हितों को मजबूत करेगा और घरेलू उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाएगा।

**टैक्स दर 15 फीसदी तय, 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा**

जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा करनी होगी। यह समझौता ऐसे समय हुआ है जब जापान की सत्ताधारी पार्टी ने हालिया चुनावों में ऊपरी सदन में बहुमत खो दिया है। इससे पहले ट्रंप ने फिलीपींस और इंडोनेशिया के साथ भी व्यापारिक समझौते किए, जहां फिलीपींस पर 19 फीसदी टैक्स तय किया गया, जबकि अमेरिकी सामानों पर कोई टैक्स नहीं लगाया गया। यह समझौता अमेरिका की आक्रामक व्यापार नीति का हिस्सा माना जा रहा है।

युवाओं को मिलेगा हाईटेक स्किल ट्रेनिंग का मौका

## देश के 1000 आईटीआई होंगे अपग्रेड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर के युवाओं को रोजगार योग्य बनाने और औद्योगिक क्षेत्रों में कुशलता बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ी योजना शुरू की है। इसके तहत देश के 1,000 इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स (आईटीआई) को अपग्रेड किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार लगभग 60,000 करोड़ का निवेश करेगी। इसका उद्देश्य अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देना है। यह योजना हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित होगी। इसमें कुछ बड़े आईटीआई को हब बनाया जाएगा, जहां आधुनिक तकनीकों से लैस ट्रेनिंग दी जाएगी। इनसे




जुड़े छोटे आईटीआई स्पोक होंगे, जो इन हब से संसाधन और मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इससे पूरे देश में एक समान और गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग सुनिश्चित हो सकेगी। सरकार इस योजना को स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय के माध्यम से लागू कर रही है। कई बड़ी भारतीय और विदेशी कंपनियां इस योजना में भाग लेने के लिए आगे आई हैं। अब तक 12 से अधिक कंपनियां रुचि दिखा चुकी हैं। इनमें से रिलायंस ग्रुप, अदाणी ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, जेके सीमेंट, जिंदल ग्रुप, टोयोटा इंडिया, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील जैसी प्रमुख कंपनियों ने राज्यों और क्षेत्रों की जानकारी दी है जहां वे ट्रेनिंग देना चाहती हैं। उदाहरण के लिए, जेके सीमेंट राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, रिन्यूएबल एनर्जी और हॉस्पिटैलिटी में ट्रेनिंग देगा, जबकि रिलायंस महाराष्ट्र, गुजरात और आंध्र प्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल और पेट्रोकेमिकल सेक्टर में युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। इस पहल से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

## ईडी ने मिंत्रा व संबंधित कंपनियों के खिलाफ 1,654 करोड़ के फेमा उल्लंघन का मामला दर्ज



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट समर्थित फैशन एवं लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म मिंत्रा, उससे जुड़ी कंपनियों और निदेशकों के खिलाफ 1,654 करोड़ रुपये से अधिक के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) ?उल्लंघन? के लिए फेमा के तहत मामला दर्ज किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को बताया कि बेंगलुर क्षेत्रीय कार्यालय ने मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (मिंत्रा) और उसकी संबंधित कंपनियों एवं उनके निदेशकों के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) की धारा 16(3) के तहत 1654,35,08,981 (1,654 करोड़ रुपये) के उल्लंघन की शिकायत दर्ज की है।
ईडी ने कहा कि एजेंसी को विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि मिंत्रा ब्रांड नाम वाली मिंत्रा डिजायंस प्राइवेट लिमिटेड और इसकी संबंधित कंपनियां थोक कैश एंड कैरी की आड़ में बहु-ब्रांड खुदरा (एमबीआरटी) कारोबार कर रही हैं। एजेंसी ने कहा कि फेमा, 1999 के प्रावधानों के तहत जांच से पता चला है कि मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड ने घोषणा की थी कि वे थोक कैश एंड कैरी के कारोबार में लगे हुए हैं।

## रिलायंस जियो का जोरदार धमाका मैचिंग नंबर मोबाइल चुनें 50रु में




**रांची।** भारत की अग्रणी डिजिटल सेवा प्रदाता रिलायंस जियो ने एक अनोखी और बिल्कुल नई ?मैचिंग नंबर? चयन की शुरूआत की है। इसके तहत ग्राहक अब अपनी पसंद के मोबाइल नंबर अनुक्रम का चयन मात्र ?50 के विशेष प्रारंभिक मूल्य पर कर सकते हैं। इस पहल के हिस्से के रूप में ग्राहक अब अपने लिए अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों के लिए चार से सात अंतिम मिलान वाले नंबरों का संयोजन चुन सकते हैं। ग्राहक मौजूदा मोबाइल नंबर, वाहन पंजीकरण संख्या, जन्मतिथि, या अपनी पसंद के किसी भी भाग्यशाली नंबर से मेल खाता एक अनुक्रमिक नंबर चुन सकते हैं। जियो उपयोगकर्ताओं को कस्टमाइज्ड नंबर चयन के माध्यम से अपनी पहचान व्यक्त करने का अधिकार दे रहा है।

**ऑफर की मुख्य विशेषताएं:**

अपनी पसंद के अधिकतम 4 वैयक्तिकृत नंबर चुनें। अपने नए जियो नंबर को किसी भी नंबर से मिलाएं भले ही वह किसी अन्य टेलीकॉम ऑपरेटर का हो। नंबर सीरीज पर कोई प्रतिबंध नहीं है - वह चुनें जो आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण हो।
यह सुविधा सीमित समय के लिए मात्र 50 में उपलब्ध है (नियमित मूल्य 500 है)।

**ऑफर का लाभ इस तरह उठाएं :**

ग्राहक कई सुविधाजनक माध्यमों से इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं: किसी अधिकृत जियो रिटेलर पर जाएँ। उपलब्ध मिलान वाले नंबरों के पूल से एक नंबर खोजें और चुनें। बुकिंग के बाद, ग्राहक मुफ्त होम डिलीवरी का विकल्प चुन सकते हैं या सिम एक्टिवेशन के लिए नजदीकी जियो स्टोर पर जा सकते हैं। केवाईसी और सत्यापन पूरा होने पर नया सिम कार्ड जियो प्रीपेड प्लान पर सक्रिय हो जाएगा।

## सैमसंग इंडिया ने गैलेक्सी वॉच8 सीरीज की प्री-बुकिंग शुरू की



**रांची।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी वॉच8 और गैलेक्सी वॉच8 क्लासिक को लॉन्च किया है। यह सीरीज पूरे गैलेक्सी वॉच लाइनअप में एक प्रतिष्ठित डिजाइन पहचान स्थापित करती है। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा के कुशन डिजाइन की बुनियाद पर आधारित, यह सीरीज अब तक की सबसे पतली गैलेक्सी वॉच है। लॉन्च के तहत, सैमसंग आकर्षक प्रारंभिक कीमतों और विशेष प्री-ऑर्डर लाभ प्रदान कर रहा है। गैलेक्सी वॉच8 40एमएम बीटी की कीमत 32,999 रुपये है और 40एमएम एलटीई वर्जन 36,999 रुपये में उपलब्ध है। 44एमएम बीटी और एलटीई वैरिएंट की कीमत क्रमशः 35,999 रुपये और 39,999 रुपये है। गैलेक्सी वॉच8 क्लासिक 47एमएम बीटी मॉडल की कीमत 46,999 रुपये है, जबकि एलटीई वर्जन 50,999 रुपये में उपलब्ध है। गैलेक्सी वॉच8 सीरीज की प्री-बुक करने वाले उपभोक्ता 12,000 रुपये तक का मल्टी-बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस, या नए गैलेक्सी एस और जेड सीरीज ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार।

## सोने का भाव 1 लाख के पार, चांदी सार्वजनिक स्तर पर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरूआत में तेजी देखी जा रही है। बुधवार के कारोबारी दिन चांदी के वायदा भाव लगातार दूसरे दिन सार्वजनिक स्तर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने के भाव 1,00,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,16,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने के शुरूआती कारोबार में नरमी, जबकि चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 124 रुपये की तेजी के साथ 1,00,453 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,00,329 रुपये था। इस समय यह 61 रुपये की तेजी के साथ 1,00,390 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 549 रुपये की तेजी के साथ 1,16,204 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,15,655 रुपये था। इस समय यह 577 रुपये की तेजी के साथ 1,16,232 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में सोने के भाव गिर गए। कॉमेक्स पर सोना 3,444.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,443.70 डॉलर प्रति औंस था।

**सोना :1,00,400 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 1,16,200 रुपए**

### रुपया दो पैसे टूटकर 86.40 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को शुरूआती कारोबार में दो पैसे टूटकर 86.40 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने रुपये में भारी गिरावट को रोका जबकि अमेरिका के जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी मुद्रा मजबूत हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 86.46 प्रति डॉलर पर खुला। शुरूआती कारोबार में थोड़ा सुधार के साथ 86.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर से दो पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.38 पर बंद हुआ था।

## ऋषि सक्सेना निभाएंगे पुलिस अधिकारी व अन्विता के मौन प्रेमी की भूमिका

**मुंबई।** सोनी सब का फैमिली ड्रामा इत्ती सी खुशी अपनी अनोखी कहानी और दमदार कलाकारों की टीम के कारण दर्शकों में उत्साह बढ़ा रहा है। अब इस कास्ट में शामिल हो रहे हैं ऋषि सक्सेना, जो निभाएंगे संजय की भूमिका – एक तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी, जो इस कहानी में भावनाओं का एक नया मोड़ लेकर आता है। संजय ऐसा इंसान है जो हमेशा पास रहा है – शांत, स्थिर और पूरी तरह से भरोसेमंद। वह अन्विता का बचपन का दोस्त और पूर्व पड़ोसी है, और शायद उसे अन्विता को उतना ही गहराई से जानता है जितना कोई और नहीं। अपने किरदार के बारे में ऋषि सक्सेना कहते हैं, यह एक ऐसी कहानी है जो सच्ची लगती है – छोटी-छोटी बातों में बड़ी भावनाएं छुपी होती हैं। संजय ऐसा व्यक्ति है जो बहुत ज्यादा बोलता नहीं, लेकिन जरूरत के समय हमेशा साथ खड़ा रहता है। उसका प्रेम स्पष्ट है, लेकिन वह जानता है कि अन्विता शायद वैसा महसूस न करे।



आशा और स्वीकार्यता के बीच का वही स्पेस उसे मेरे लिए असल और सच्चा बनाता है।

## एनपीजी ने बैठक में रेल व सड़क परियोजनाओं का किया मूल्यांकन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और रेल मंत्रालय की महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए बुधवार को नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 97वीं बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव पंकज कुमार ने की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि एनपीजी की 97वीं बैठक में रेल और सड़क परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया है। इस बैठक में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी,




लॉजिस्टिक्स दक्षता और आर्थिक प्रभाव के लिए 5 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया, जिनमें से तीन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की और दो रेल मंत्रालय की थीं। इनमें से दो ब्राउनफील्ड और तीन ग्रीनफील्ड परियोजनाएं हैं। मंत्रालय के मुताबिक इनमें प्रत्येक परियोजना का मूल्यांकन पीएम-गतिशक्ति के एकीकृत मल्टीमॉडल अवसंरचना, आर्थिक और सामाजिक केंद्रों तक अंतिम-मील कनेक्टिविटी और अंतर-विभागीय समन्वय के सिद्धांतों के अनुरूप होने के आधार पर किया गया। इस बैठक में पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस एनएमपी) के मूल सिद्धांतों के अनुरूप मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। ये पहल रसद दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि, यात्रा समय में कमी और जिन क्षेत्रों में ये सेवाएं प्रदान करती हैं, वहां व्यापक सामाजिक-आर्थिक लाभ प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पेश की ०२ नई मोटरसाइकिलें



**रांची।** अपनी यात्रा का एक अहम पड़ाव पार करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज भारत में अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस खास मौके पर कंपनी ने दो नई मोटरसाइकिलें पेश कीं सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स. ये भारतीय ग्राहकों के लिए आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत प्रोडक्ट्स देने की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। इन मोटरसाइकिलों की बुकिंग्स 1 अगस्त 2025 से शुरू होंगी। श्री सुत्सुमु ओतानि, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ ने कहा आज हम 25 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं और मुझे बहुत गर्व है कि हम एक नहीं, बल्कि दो नई मोटरसाइकिलें पेश कर रहे हैं। ये दोनों प्रोडक्ट्स होंडा की इनोवेशन और ग्राहक-केंद्रित सोच को दशार्ते हैं इनका लॉन्च भारतीय मार्केट के लिए एडवांस्ड और हाई-टेक मोबिलिटी सॉल्यूशंस देने के हमारे वादे को मजबूत करता है आने वाले वर्षों में हम इसी तरह अपनी ग्रोथ को और तेज करने के लिए उत्साहित हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 में वेस्टइंडीज को हराया

**सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनायी**

एजेंसी

**जमैका ।** जोश इंगलिस और कैमरून ग्रीन की शानदार बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने यहां खेले गये दूसरे टी20 मैच में भी वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराकर टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप के बीच 63 रन की साझेदारी से वेस्टइंडीज की टीम ने आठ विकेट पर 172 रन बनाये। किंग ने 51 रन बनाये, होप ने केवल नौ रन बनाकर बनाये पर किंग का अच्छा साथ निभाया। टीम ने 100 रनों के अंदर ही तीन विकेट खो दिये। इसके बाद आंद्रे रसेल ने पारी को संभाला और वेस्टइंडीज को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। रसेल ने 36 रन जबकि गुडाकेश मोती ने 18 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट पर 172 रनों तक पहुंचाया। वहीं विरोधी टीम की ओर से एडम जांपा ने सबसे अधिक तीन विकेट लिए, नाथन एलिस और ग्लेन मैक्सवेल ने दो-दो विकेट लिए। बेन ड्वारशुइस को एक विकेट मिला। इसके इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 15.2 ओवरों में ही जीत हासिल कर ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही और ग्लेन मैक्सवेल 12 और कप्तान मिशेल मार्श 21 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद जोश इंगलिस ने कैमरून ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 131 रन की शानदार साझेदारी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 15.2 ओवरों में ही जीत दिला दी। इस दौरान इंगलिस ने 33 गेंदों में 78 रन बनाए, जबकि ग्रीन ने 56 रन बनाये। मेजबान टीम की ओर से जेसन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक विकेट लिया।




# धीमी ओवर गति के नियम की समीक्षा करे आईसीसी : स्टोक्स

एजेंसी

**लंदन ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के धीमी ओवर गति के नियम को गलत बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की है। स्टोक्स ने धीमी ओवर गति से संबंधी दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर नहीं किये हैं। भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी उनकी टीम पर धीमी ओवर गति से जड़े नियम के कारण ही जुमार्ना लगाया गया था। इसके अलावा उनके दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक भी काट लिए गये थे। इससे उसके कुल अंक कम होकर 22 रह गए हैं। इसके अलावा उसकी जीत का प्रतिशत भी कम हुआ है। स्टोक्स ने कहा कि आईसीसी को हालातों को देखते हुए ओवर गति के इन नियमों की समीक्षा करनी चाहिए। स्टोक्स ने कहा, मैं इसी लिए इससे जूड़े फॉर्म पर हस्ताक्षर



नहीं कर रहा हूं। ओवर रेट ऐसी चीज नहीं है जिसकी मुझे चिंता है पर इसका मतलब यह नहीं है कि मैं जानबूझकर गति धीमी से गेंदबाज कर रहा हूं। मैं इससे जुड़ी परेशानी को समझता हूं पर ये भी सही है कि इसके तरीके पर गंभीरता से विचार करना होगा। उन्होंने आगे कहा, आप एक ही नियम एशिया और सभी जगहों के लिए नहीं रख सकते हैं। एशिया में स्पिन गेंदबाज लगभग 70 फीसदी ओवर फेंकते हैं। वहीं न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में 70-80 फीसदी ओवर तेज गेंदबाज डालते हैं।

## खास खबर

### एकल मैच में वीनस विलियम्स की शानदार जीता

**वाशिंगटन।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में एकल मैच जीतकर एक नई उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही वीनस पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली विश्व की दूसरी सबसे अधिक उम्र की महिला बन गई हैं। इस मामले में पहले नंबर पर मार्टिना नवरातिलोवा हैं। नवरातिलोवा ने 47 की उम्र में एकल मुकाबला जीता था ।वीनस ने डीसी ओपन टेनिस टूनार्मेंट में अपने से 22 साल छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया है वीनस ने जीत के बाद कहा ह्यजब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे अवसर भी आते थे जब मुझे अपने खेल पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है या नहीं। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है ये अब साफ हो गया है।

### इंदौर बनेगा टेबल टेनिस का राष्ट्रीय हब

**इंदौर ।** मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में इस साल होने वाली राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय स्पधाओं का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। संगठन के चेयरमैन ओम सोनी की अध्यक्षता में अभय प्रशाल में हुई इस बैठक में करीब 20 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पिछले साल के राज्य विजेताओं और सर्वश्रेष्ठ जिला इकाइयों को भी सम्मानित किया गया। चेयरमैन ओम सोनी और जयेश आचार्य ने बताया कि वर्तमान सत्र में इंदौर में चार राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस स्पधाएं आयोजित होंगी। इनमें जूनियर/सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा, राष्ट्रीय रैंकिंग स्पर्धा, पैरा राष्ट्रीय रैंकिंग स्पर्धा और पैरा नेशनल चैंपियनशिप शामिल हैं। इन स्पधाओं की सटीक तिथियां जल्द ही टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया की साधारण सभा की बैठक में तय की जाएंगी। उन्होंने आगे बताया कि हर साल की तरह इस बार भी तीन राज्य रैंकिंग स्पधाएं और एक राज्य स्पर्धा खेली जाएगी। इन स्पधाओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश की टीमों का चयन किया जाएगा।

### जीसस अरेसो दूसरी बार टीम में शामिल

**मैड्रिड।** एथलेटिक बिलबाओ ने एक बार फिर राइट बैक जीसस अरेसो को ओसासुना से साइन कर लिया है। यह अरेसो का क्लब में दूसरा कार्यकाल होगा। अरेसो को लगभग 1.2 करोड़ यूरो (करीब 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की रिलीज क्लॉज के तहत साइन किया गया है और उन्होंने 2031 तक छह साल का अनुबंध किया है। इस ट्रांसफर में एथलेटिक ने एटलेटिको मैड्रिड की रुचि को पीछे छोड़ा। 26 वर्षीय अरेसो इससे पहले 2017 में 4.5 लाख यूरो में ओसासुना से एथलेटिक पहुंचे थे और क्लब की बी टीम के लिए 55 मुकाबलों में खेले। हालांकि, उन्होंने नया अनुबंध ठुकराकर 2021 में ओसासुना वापसी की थी। एक गंभीर पैर की चोट से उबरने के बाद, उन्होंने पिछले दो सीजनों में ला लीगा में ओसासुना के लिए 76 मैच खेले।

# मल्होत्रा के शतक के बावजूद इंग्लैंड का दबदबा

**दूसरा अंडर-19 यूथ टेस्ट**

एजेंसी

**वॉस्टर।** भारत के युवा बल्लेबाज विहान मल्होत्रा ने शानदार शतक (120 रन, 123 गेंद) लगाया, लेकिन इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी एल्बर्ट (6/53) की घातक गेंदबाजी के सामने भारतीय पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। इंग्लैंड ने दूसरे अंडर-19 यूथ टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मजबूत बढ़त बना ली है। मल्होत्रा और अयुष म्हात्रे (80 रन, 90 गेंद) ने दूसरे विकेट के लिए 133 रन की तेज साझेदारी कर भारत को मजबूत स्थिति में ला दिया था। उस समय भारत का स्कोर 170/1 था और लग रहा था कि टीम पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल कर सकती है। लेकिन म्हात्रे के आउट होते ही इंग्लैंड ने मैच में वापसी की और भारत की पारी 279 रनों पर सिमट गई। भारत ने पहली पारी में इंग्लैंड के स्कोर 309 के मुकाबले 30 रन से पिछड़ते हुए महत्वपूर्ण बढ़त गंवा दी। इसके बाद इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 93 रन बना लिए हैं और कुल बढ़त 123 रन की हो गई है। दूसरी पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाज एडम थॉमस (50) और बीजे डॉकिंस (42) नाबाद हैं और टीम मजबूत स्थिति में है। भारत की ओर से हरवंश पांगलिया (28 रन) और मल्होत्रा ने पांचवें विकेट के लिए 61 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद एल्बर्ट ने भारतीय पारी को तहस-नहस कर दिया। भारत ने अंतिम छह विकेट महज 37 रनों में गंवा दिए।



# स्मृति मंधाना ने बनाया रिकार्ड

एजेंसी

**लंदन ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में अपनी 45 रनों की पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। इस पारी के साथ ही मंधाना इंग्लैंड में सबसे अधिक रन बनाने वाली विदेशी सलामी बल्लेबाज बन गयी हैं। मंघाना ने अब तक इंग्लैंड में पारी की शुरूआत करते हुए 715 रन बनाये हैं। ये अब तक किसी भी विदेशी सलामी बल्लेबाज के बनाए सबसे ज्यादा रन हैं। तीसरे एकदिवसीय में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रन बनाए। मंधाना के अलावा हरलीन देओल ने भी 45 रन की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंदों में 102 रन की तेज और शानदार शतकीय पारी खेली। जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाया। ऋचा घोष ने केवल 18 गेंद में 38 रन की आक्रामक नाबाद पारी खेली जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल थे। जीत के लिए 319 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवर में 305 रन ही बना सकी। कप्तान नैट स्कीवर ब्रंट सिर्फ 2 रन से शतक नहीं बना पायीं। एम्मा लैंब ने 68 और एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने 44 रन बनाए। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम की है।



# राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 10-11 अगस्त को

**रांची।** 22 से 24 अगस्त 2025 तक रांची झारखंड में आयोजित व-23 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखण्ड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 11 अगस्त 2025 तक बलदेव साहू स्टेडियम, लोहरदगा में आयोजिय किया किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस कुश्ती प्रतियोगिता में 23 साल तक के, 2002 से 2006 के सभी पहलवान भाग ले सकते हैं एवं 18 साल (2007 जन्मतिथि) के प्रतिभागी मेडिकल सर्टिफिकेट/ पैरेंटल सर्टिफिकेट के साथ भाग ले सकेंगे। आप सभी जिलों के अधिकारीगण कृपया दिनाँक 05 अगस्त 2025 तक नीचे दिए गए टीम एंट्री फॉर्म पर अपने खिलाड़ियों की एंट्री भेजे। खिलाड़ियों को उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अनिवार्य रूप से अपने साथ पंचायत या नगर परिषद द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र,आधार कार्ड,आवासीय प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रति और अपना 2 पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा।

Jharkhand State Wrestling Association
RANCHI

## राष्ट्रीय स्तर की तैयारी में जुटी वैष्णवी बोरकर

**इंदौर ।** इंदौर के संगम नगर क्षेत्र की निवासी वैष्णवी बोरकर ने हाल ही में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की अंतरविद्यालय तलवारबाजी प्रतियोगिता वर्ष 2025 में अंडर-17 आयु वर्ग के फॉयल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर डिवीजन स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। वैष्णवी इस समय सेंट मैरी चैंपियन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी की छात्रा हैं और पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वे वॉरियर फाउंडेशन मार्शल आर्ट संस्था में नियमित रूप से अभ्यास करती हैं तथा उनके प्रशिक्षक करन साहू के मार्गदर्शन में अभी से राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता की तैयारी में पूरी मेहनत से जुटी हुई हैं।

# खिलाड़ियों को चेंजिंग रूम व खेल सामग्री भंडारण कक्ष से वंचित करने का प्रयास अमानवीय: दीपक वर्मा

**रांची ।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में सक्रिय कई खेल संघों के प्रतिनिधियों ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ के बैनर तले बुधवार को रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव से शिष्टाचार मुलाकात की और खेल परिसर के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित कमरों से उपयोग से खिलाड़ियों को बेदखल किए जाने के प्रयास पर विरोध दर्ज कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त के समक्ष राँची नगर निगम के सीटी मैनेजर (मिशन) चंदन कुमार द्वारा लगातार कमरों को खाली कराने की धमकियों और अमानवीय व्यवहार की लिखित शिकायत प्रस्तुत की। इन कमरों का उपयोग लंबे समय से महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के चेंजिंग रूम और खेल सामग्री भंडारण के रूप में किया जाता रहा है, जहाँ फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वुडबॉल, थ्रोबॉल, नेटबॉल, किक बॉक्सिंग, जिम्नास्टिक, चॉकबॉल, कोर्फबॉल, जरासंध अखाड़ा समेत दर्जनों खेल संघ नियमित रूप से अभ्यास और प्रतियोगिताएं संचालित करते हैं। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि सीटी मैनेजरचंदन कुमार द्वारा खिलाड़ियों के प्रति असंवेदनशील और अपमानजनक टिप्पणी की गई, जहाँ उन्होंने महिला खिलाड़ियों को खुले में कपड़े बदलने तक की सलाह दे दी। यह व्यवहार न केवल नारी गरिमा का अपमान है, बल्कि खेल भावना और मानवीय संवेदनाओं के भी विपरीत है। प्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त को यह भी अवगत कराया कि जब इस खेल परिसर के जीर्णोद्धार के लिए डीपीआर बना था, तब उक्त भवन को तोड़ने की योजना थी। लेकिन खिलाड़ियों, खेल संघों और तत्कालीन वार्ड पार्षद के संगठित आंदोलन के फलस्वरूप राँची नगर निगम, संवेदक और खेल प्रतिनिधियों के बीच यह सहमति बनी थी कि उक्त भवन यथावत रखा जाएगा। मुलाकात के दौरान खेल संघों ने नगर आयुक्त से आग्रह किया कि उक्त कमरों को स्थायी रूप से खिलाड़ियों और खेल संघों के उपयोग के लिए आरक्षित किया जाए। साथ ही राँची नगर निगम के अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए।



# कंबोज जहीर और बुमराह जैसा गेंदबाज : अश्विन

एजेंसी

**मुम्बई ।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज की प्रशंसा करते हुए उसे एक अच्छा गेंदबाज बनाया। अश्विन ने यहां तक कहा कि अंशुल की क्षमताएं जहीर खान और जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज बनने की है। साथ ही कहा कि वह अच्छा गेंदबाज होने के साथ ही खेल में बेहतर रणनीति अपनाना भी जानता है। अश्विन ने कहा, ह्यअंशुल की सबसे अच्छी बात यह है कि वह अपनी रणनीति को अच्छी तरह से समझता है। मैंने कई तेज गेंदबाजों को देखा है, अगर आप उनसे उनकी रणनीति के बारे में पूछते हैं, तो वे बस यही कहते हैं कि वे अपने को साबित करते हुए खेल का आनंद लेना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर अंशुल अपनी रणनीति को अच्छी तरह से समझता है और यह भी जानता है कि मैदान पर उस पर कैसे अमल करना है। अधिकतर तेज गेंदबाजों में यह गुण नहीं होता है। जहीर भी ऐसे तेज गेंदबाज थे जो अपनी रणनीति को समझते थे और उस पर अच्छी तरह से अमल करते थे। अश्विन ने कहा, वर्तमान समय में जसप्रीत बुमराह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो रणनीति को अच्छी तरह से समझते हैं और उसपर अमल भी करते हैं। अंशुल भी इसी तरह का खिलाड़ी है। मैं कौशल की तुलना नहीं कर रहा हूं क्योंकि कौशल एक बहुत ही अलग चीज है। मैंने उसे आईपीएल में खेलते हुए देखा है। उसकी लेंथ बहुत अच्छी है।



# फुटबॉलर से डब्यूडब्लयूई रेसलर बने गोल्डबर्ग

एजेंसी

**अटलांटा ।** हाल में अपना अंतिम मुकाबला खेलने वाले डब्यूडब्लयूई रेसलर बिल गोल्डबर्ग शुरूआत में फुटबॉलर थे। गोल्डबर्ग का बचपन अमेरिका के तुलसा, ओक्लाहोमा में बीता। उन्होंने शुरूआत से लेकर हाई स्कूल तक फुटबॉल खेला। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया में भी फुटबॉल खेलते हुए टीम में अपनी अलग पहचान बनाई। बाद में वह एनएफएल के अटलांटा फाल्कन्स की ओर से खेलने लगे। इस टीम से उन्होंने कई मैच खेले पर चोटिल होने के कारण उनका फुटबॉल करियर बीच में ही रुक गया। ऐसे में गोल्डबर्ग पर्सनल ट्रेनर बन गए। इसी दौरान उन्हें लैरी शार्प नाम के एक रेसलिंग ट्रेनर ने डब्यूडब्लयूई में किस्मत आजमाने को कहा। शार्प को गोल्डबर्ग में रेसलरों सी ताकत और एथलेटिक्स लुक नजर आया। गोल्डबर्ग ने शार्प की बात मानी और उनके रेसलिंग स्कूल मॉन्स्टर में प्रवेश ले लिया। 1990 के दशक में गोल्डबर्ग की चचाएं शुरू हो गयीं। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप रेसलिंग में 173-0 की रिकॉर्ड जीत से लोकप्रिय हुए। वह अपनी ताकत और तेजी के लिए जाने जाते थे। गोल्डबर्ग 2003 में डब्यूडब्लयूई में शामिल हुए। वहां भी उन्होंने खूब नाम कमाया। 2018 में उन्हें डब्यूडब्लयूई हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। फुटबॉल में चोट लगने से गोल्डबर्ग का करियर समाप्त हुआ था पर उन्हें इससे रेसलिंग में आने का अवसर मिला। वह अपना अंतिम मुकाबला इजराइल में खेलना चाहते थे पर सैन्य तनाव के कारण ये मैच रद्द हो गया था। जिससे उन्हें काफी निराशा भी हुई ।



# भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे महरीन और अर्शवंत

**यूएस किड्स वर्ल्ड टीन गोल्फ चैंपियनशिप**

एजेंसी

**पाइनहर्स्ट (नॉर्थ कैरोलीना)।** भारत के दो सबसे प्रतिभाशाली किशोर गोल्फर, महरीन भाटिया और अर्शवंत श्रीवास्तव, इस सप्ताह प्रतिष्ठित यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैंपियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगे। यह प्रतियोगिता अमेरिका के प्रसिद्ध पाइनहर्स्ट गोल्फ कोर्स, नॉर्थ कैरोलीना में आयोजित की जा रही है। इस साल की वार्षिक वर्ल्ड टीन इवेंट में यूएस किड्स इंडिया टीम की ओर से कुल छह खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें दो खिलाड़ी बॉयज 15-18 वर्ग में और चार खिलाड़ी गर्ल्स 15-18 वर्ग में शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों के पास देश-विदेश में खेलने का अच्छा अनुभव है। महरीन भाटिया 2023 में इस चैंपियनशिप में उपविजेता रही थीं और 2024 में तीसरे स्थान पर रहीं। इस बार उनका लक्ष्य खिताब जीतना है। बीते वर्ष महरीन ने कई अहम उपलब्धियां भी हासिल कीं, जिनमें 2024 शुभंकर शर्मा इनविटेशनल्स में जीत, टॉमी फ्लीटवुड इंटरनेशनल पाथवे सीरीज (डीपी वर्ल्ड द्वारा प्रस्तुत) में दूसरा स्थान और अमेरिका में एफसीजी कैलोवे वर्ल्ड जूनियर्स खिताब शामिल हैं। इसके अलावा वह फाल्डो सीरीज एशिया ग्रैंड फाइनल में टॉप-5 में रहीं।


अर्शवंत श्रीवास्तव ने भी पिछले कुछ वर्षों में यूएस किड्स टूनार्मेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 2024 में उन्होंने एनसीआर कप जूनियर्स और ग्रीन्स टू ग्लोरी टूनार्मेंट में खिताब जीते, जबकि यूएस किड्स इंडियन चैंपियनशिप में उपविजेता रहे। इस सीजन में वह यूएस किड्स चाइना, यूएस किड्स थाईलैंड और फाल्डो सीरीज एशिया ग्रैंड फाइनल में टॉप-5 में रहे, जबकि यूएस किड्स यूएई में सातवें स्थान पर रहे। विहान जैन ने भी 2024 यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैंपियनशिप में भाग लिया था और अर्शवंत के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर रहे थे। इसी तरह, असारा साहनी ने भी 2024 संस्करण में संयुक्त सातवां स्थान प्राप्त किया था। अनुष्का गुप्ता और आयशा गुप्ता भी अपनी मजबूत दावेदारी के साथ टूनार्मेंट में उतरेंगी।





**भारतीय टीम**

बॉयज 15-18: अर्शवंत श्रीवास्तव, विहान जैन
गर्ल्स : अनुष्का गुप्ता (गर्ल्स 13), महरीन भाटिया (गर्ल्स 15-18), आयशा गुप्ता (गर्ल्स 15-18), असारा साहनी (गर्ल्स 15-18, दिल्ली)
इस टूनार्मेंट के एक सप्ताह बाद भारत 6 वर्ष और उससे ऊपर के आयु वर्ग के खिलाड़ियों की 14 सदस्यीय टीम को यूएस किड्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए अमेरिका भेजेगा, जिसका आयोजन भी पाइनहर्स्ट में ही होगा।



वाशिंगटन में कैमिरोन नोरिस डीसी ओपन टेनिस में खेलते हुए।



# महंगे हेयर प्रोडक्ट्स को छोड़िए, कलर्ड बालों के लिए घर पर ही बनाएं ये सीरम

**एक अच्छा हेयर सीरम बालों में चमक और स्मूदनेस वापस लाता है। साथ ही साथ, कलर को जल्दी फेड होने से भी बचाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको घर पर ही कलर्ड हेयर के लिए सीरम बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं।**

अक्सर अपने लुक को चेंज करने के लिए हम सभी बालों के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करते हैं। कभी एक नया हेयरकट तो कभी बालों को कलर करना हमें काफी अच्छा लगता है। एक बार जब बालों को कलर कर दिया जाता है तो पूरा लुक इंस्टेंट चेंज हो जाता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि कलर्ड हेयर देखने में काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन इसके साथ-साथ ऐसे बालों को बेहतर तरीके से केयर करने की जरूरत होती है। दरअसल, कलर, ब्लीच या हाइलाइट्स में जो केमिकल्स होते हैं, वो बालों को रूखा व बेजान बना देते हैं। ऐसे में जरूरी होता है कि बालों की स्मूथनेस को बनाए रखने के लिए हेयर सीरम का इस्तेमाल किया जाए।

एक अच्छा हेयर सीरम बालों में चमक और स्मूदनेस वापस लाता है। साथ ही साथ, कलर को जल्दी फेड होने से भी बचाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको घर पर ही कलर्ड हेयर के लिए सीरम बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

### हेयर सीरम बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए

- 2 टेबलस्पून आर्गन ऑयल
- 1 टेबलस्पून जोजोबा ऑयल
- 1 टेबलस्पून नारियल तेल
- 5 बूंद विटामिन ई ऑयल
- 5 बूंद लैवेंडर एसेंशियल ऑयल
- 3 बूंद रोजमेरी एसेंशियल ऑयल

हेयर सीरम कैसे बनाएं

- एक छोटा कांच का ड्रॉपर वाला डार्क कलर बॉटल लें।
- अब इसमें आर्गन, जोजोबा और नारियल तेल डालें।
- फिर इसमें विटामिन ई और एसेंशियल ऑयल की बूंदें डालें।
- बॉटल बंद करके अच्छे से हिलाएं ताकि सब अच्छे से मिक्स हो जाए।
- इसे ठंडी और सूखी जगह पर रखें।

हेयर सीरम कैसे लगाएं-

- हेयर सीरम लगाने के लिए सिर्फ 2-3 बूंद सीरम हथेली में लें।
- हाथों से रगड़कर थोड़ा गर्म करें और फिर बालों के मिड-से लेकर एंड्स तक लगाएं।
- हल्के गीले या सूखे बालों पर लगाएं।
- अगर लीव-इन सीरम की तरह लगा रहे हैं, तो आप इसे स्कैल्प पर ना लगाएं।



# वॉर्डरोब में शामिल करें चुनरी प्रिंट वाली साड़ियां, दिखेंगी खूबसूरत और स्टाइलिश

मॉनसून और त्योहारों में चुनरी प्रिंट साड़ी पहनने का अंदाज ही अलग होता है। इस तरह की साड़ी कैरी करने से स्टाइलिश लुक भी मिलता है। इसके लिए आपको सही रंग और सही फैब्रिक की चुनरी प्रिंट साड़ी का चुनाव किया है और उसको अच्छे से स्टाइल किया है, तो इसमें आपका लुक काफी खूबसूरत लगेगा।

महिलाओं की वॉर्डरोब तब तक पूरी नहीं मानी जाती, जब तक उनके वार्डरोब में चुनरी प्रिंट साड़ी न हो। खासकर मॉनसून और त्योहारों में चुनरी प्रिंट साड़ी पहनने का अंदाज ही अलग होता है। इस तरह की साड़ी कैरी करने से स्टाइलिश लुक भी मिलता है। इसके लिए आपको सही रंग और सही फैब्रिक की चुनरी प्रिंट साड़ी का चुनाव किया है और उसको अच्छे से स्टाइल किया है, तो इसमें आपका लुक काफी खूबसूरत लगेगा।

मार्केट में आपको इस तरह की साड़ियों में बहुत वैरायटी मिल जाएगी। हर फैब्रिक में आपको अलग पैटर्न, रंग और डिजाइनर वर्क देखने को मिलेगा। हर उम्र की महिलाओं के बीच इस तरह की साड़ियां काफी लोकप्रिय हैं। क्योंकि यह न सिर्फ आरामदायक होती हैं, बल्कि आकर्षक भी दिखती हैं। अगर आप भी अपने वॉर्डरोब में एक शानदार चुनरी प्रिंट साड़ी को जोड़ना चाहती हैं, तो हम आपको कुछ बेहतरीन ऑप्शन दिखाने जा रहे हैं।

### गोटा बॉर्डर चुनरी प्रिंट साड़ी

बता दें कि गोटे का काम ट्रेडिशनल है और चुनरी प्रिंट साड़ी में बिना गोटा वर्क के ग्रेस नहीं आता है। ऐसे में आप यह तय कर सकती हैं कि आप लाइट या हैवी गोटा वर्क वाली साड़ी कैरी करेंगी। मार्केट में आपको बॉर्डर पर गोटा वर्क वाली साड़ी में अच्छी वेराइटी भी मिल जाएगी। आपको पतले से लेकर मोटे और चौड़े बॉर्डर तक में साड़ी देखने को मिल जाएंगी। गोटा बॉर्डर वाली साड़ी कितनी ही सिंपल हो, लेकिन देखने में डिजाइनर लगती है। आपको 500 से 2,000 रुपए तक में इस तरह की साड़ी में मिल जाएगी।

### घरचोला स्?टाइल चुनरी प्रिंट साड़ी

विवाहित महिलाएं घरचोला गुजराती और राजस्थानी ट्रेडिशनल साड़ी पहनती हैं। हालांकि यह साड़ी काफी हैवी होती है, लेकिन इसको लाइटवेट और लाइट वर्क में भी तैयार किया जा रहा है। इस साड़ी न सिर्फ विवाहित महिलाएं बल्कि कुंवारी लड़कियां भी पहन सकती हैं। आपको इस तरह की साड़ी में चटक और भड़कीले रंगों के साथ लाइट शेड्स मिल जाएंगी। आप तीज-त्योहार के अलावा शादी-विवाह के मौके पर भी इस तरह की साड़ी कैरी कर सकती हैं। मार्केट में आपको शिफॉन, सिल्क और जॉर्जेट जैसे फैब्रिक में इस पैटर्न की साड़ी मिल जाएगी। आप 1,500 से 2,000 रुपए तक में इस तरह की साड़ी मिल जाएगी।

### बंधेज चुनरी प्रिंट साड़ी डिजाइन

आपको बंधेज फैब्रिक में चुनरी प्रिंट साड़ी मिल जाएंगी। आपको मैक्सिमम सिल्क टेक्सचर या फिर सिल्क जॉर्जेट में इस तरह की साड़ी देखने को मिलेंगी। इन साड़ियों पर बेहद खूबसूरत जरी वर्क होता है। यह क्रश्ड लुक में आती हैं। आप किसी फंक्शन में भी इस तरह की साड़ी कैरी कर सकती हैं। हालांकि आपको साधारण चुनरी प्रिंट में यह साड़ियां थोड़ी महंगी मिलेंग। लेकिन किसी बड़े त्योहार या शादी-विवाह के मौके पर पहनती हैं, तो काफी ग्रेसफुल नजर आएंगी। आपको 2,000 से 5,000 रुपए में यह साड़ी मिल जाएगी। एथनिक लुक पाने के लिए आप कलरफुल स्टोन या गोल?ड ज?वेलरी कैरी कर सकती हैं।

### कॉटन चुनरी प्रिंट साड़ी डिजाइन

कॉटन में चुनरी प्रिंट साड़ी की कई वेरायटी मिल जाएगी। खासतौर पर आपको इसमें गोटा वर्क और अजरक प्रिंट के मिक्स डिजाइन वाली साड़ी मिल जाएंगी। आप छोटे-मोटे त्योहार और छोटे-मोटे फैमिली फंक्शन पर भी पहन सकती हैं। इस तरह की साड़ियों में बोल्ड लुक पाने के लिए आप ब?लैक ब्?लाउज?टर, कॉर्सेट या टैंक टॉप स्टाइल ब्लाउज आदि कैरी कर सकती हैं। अगर आप खुद को स्टाइलिश अवतार में देखना चाहती हैं, तो ग्लास ज्वेरी या वुडन ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। मार्केट में आपको 500-1500 रुपए तक में ऐसी साड़ियां मिल जाएंगी।

# नमक ही नहीं शरीर में पोटैशियम की कमी भी हो सकती है हाई बीपी की वजह, फॉलो करें ये डाइट

ब्लड प्रेशर कंट्रोल इसलिए नहीं होता है, क्योंकि हमारी थाली में सिर्फ नमक ज्यादा नहीं है, बल्कि पोटैशियम बहुत कम है। इस कारण ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की जो कहानी है, वह अधूरी रह जाती है। हालांकि इसको करना मुश्किल नहीं है।

जैसे ही लोग 40 की उम्र पार करते हैं, वैसे ही अधिकतर लोग अपनी थाली से नमक कम कर देते हैं। साथ ही अचार, पापड़ और चिप्स जैसी चीजों से दूरी बना लेते हैं। लेकिन इसके बाद भी उनका ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं होता है। क्योंकि हमारी थाली में सिर्फ नमक ज्यादा नहीं है, बल्कि पोटैशियम बहुत कम है। इस कारण ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की जो कहानी है, वह अधूरी रह जाती है। हालांकि इसको करना मुश्किल नहीं है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पोटैशियम की सही डोज क्या है और इसको किस तरह से डाइट में शामिल करना चाहिए।

### जानिए पोटैशियम की सही डोज

पोटैशियम न सिर्फ एक्स्ट्रा नमक को यूरिन के रास्ते बाहर निकालता है। लेकिन यह आर्टरी की मांसपेशियों को भी शांत करता है। रिसर्च के मुताबिक अगर डेली पोटैशियम 3.5 ग्राम से ज्यादा हो जाए, तो सिस्टोलिक बीपी में 4-6 एमएमएचजी तक की गिरावट आ सकती है। यह उतना ही होता है, जितना शुरूआती बीपी दवाओं से होता है।

स्मार्ट बनाएं सुबह की शुरुआत

रोजाना सुबह 200एमएल नारियल पानी या फिर 1 केला का सेवन करें। इन दोनों में ही 400मिग्रापोटैशियम होता है।

नाश्ते में आप अंकुरित मूंग चाट खा सकते हैं। इसमें करीब 650मिग्रापोटैशियम और सिर्फ 400मिग्रासोडियम होता है।

वहीं दोपहर के खाने में आप ऐसी सब्जियों को शामिल करें, जोकि पोटैशियम से भरपूर हों। शाम को स्नैक्स में आप चिप्स, पापड़ या भुजिया की जगह एक मुट्ठी बिना नमक वाली मूंगफली या उबले चने खा सकते हैं। रात के खाने में आप कच्चा केला या तुरई की सब्जी और अंकुरित मूंग खा सकते हैं। इसमें 600-700मिग्रापोटैशियम होता है।





# फेस पर एक्स्ट्रा ऑयल हटाने के लिए लगाएं ये फेस पैक, मिलेगा गजब का निखार

**आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑयल कंट्रोल करने के लिए कुछ फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अप्लाई करके आप ऑयल फ्री स्किन पा सकती हैं, साथ ही इससे आपकी स्किन भी साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।**

हम सभी चाहते हैं कि हमारी स्किन ग्लोइंग और साफ हो। इसके लिए हम सभी जरूरी स्किन केयर भी करते हैं। लेकिन जब फेस पर एक्स्ट्रा ऑयल को कम करने की बात आती है, तो हम स्क्रब करते हैं। लेकिन आप ऑयल को कंट्रोल करने के लिए फेस पैक की मदद ले सकते हैं। इससे आपकी स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा गंदगी साफ हो जाएगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑयल कंट्रोल करने के लिए कुछ फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अप्लाई करके आप ऑयल फ्री स्किन पा सकती हैं, साथ ही इससे आपकी स्किन भी साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।

### फेस पैक लगाने के फायदे

फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्सट्रा गंदगी साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे का रंग भी निखरता है। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 1 बार करें। इसके बाद आपको पार्लर जानें कि या महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपकी त्वचा में नेचुरली निखार नजर आएगा। बस आपको ऑयली त्वचा के हिसाब से फेस पैक की सामग्री को चूज करना होगा।

### चंदन और दही का फेस पैक

आप चंदन और दही का फेस पैक चेहरे पर लगा सकती हैं। इस तरह के फेस पैक को लगाने से आपकी स्किन साफ हो जाएगी। साथ ही इससे आपके फेस पर अलग निखार आएगा और इस फेस पैक को आसान तरीके से बना सकती हैं।

### ऐसे बनाएं चंदन और दही का फेस पैक

इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच चंदन पाउडर लें।

फिर इसमें 2 चम्मच दही मिक्स करें।

अब थोड़ी सी हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इसको फेस पर अप्लाई करें और सूखने के लिए छोड़ दें।

कुछ देर बाद जब यह सूख जाए, तो नॉर्मल पानी से फेस को हाथों से रब करते हुए साफ करें।

इस फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल साफ हो जाएगा।

मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा जेल फेस पैक

अगर आपके फेस पर ऑयल के कारण से रेडनेस होने लगी है, तो आप एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर फेस पैक लगाएं। इस तरह के फेस पैक को लगाने से आपकी स्किन में मौजूद आसानी से साफ हो जाएगी। इससे आपके फेस पर ग्लोइंग नजर आएगी।

### ऐसे बनाएं मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा जेल फेस पैक

सबसे पहले एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी का पाउडर लें।

फिर इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल को मिक्स करें।

अब हल्का सा पानी डालकर अच्छे से मिक्स करें और ब्रश की मदद से फेस पर अप्लाई करें।

फिर 20 मिनट बाद इसको पानी से साफ कर लें।

इससे आपकी स्किन साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।

इन फेस पैक को लगाने से आपकी स्किन साफ नजर आएगी। वहीं आपके फेस पर अलग सा निखार दिखाई देगा। आप सही तरह से इन फेस पैक को बनाकर लगाना है। साथ ही आपको ऑयली स्किन से भी छुटकारा मिल जाएगा।

# मानसून में बच्चों को Diarrhea से बचाने के लिए क्या करें और क्या न करें?

इस मौसम में दस्त होने का मुख्य कारण अक्सर गलत खान-पान और रोटावायरस होता है। हालांकि, सही देखभाल से इस बीमारी से बचा जा सकता है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनका पालन करके आप अपने बच्चों को स्वस्थ रख सकते हैं।

मानसून आते ही बच्चों में बीमारियों का खतरा बढ जाता है, खासकर दस्त (डायरिया) की समस्या बहुत आम हो जाती है। यह माता-पिता के लिए चिंता का विषय बन जाता है। दरअसल, मानसून की बारिश से वातावरण में नमी बढ जाती है, जिससे बैक्टीरिया और वायरस तेजी से फैलते हैं। ये कीटाणु बच्चों से लेकर बडों तक, सभी के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं।

इस मौसम में दस्त होने का मुख्य कारण अक्सर गलत खान-पान और रोटावायरस होता है। हालांकि, सही देखभाल से इस बीमारी से बचा जा सकता है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनका पालन करके आप अपने बच्चों को स्वस्थ रख सकते हैं।

दस्त से बचाव और सही खान-पान, स्वास्थ्य मंत्रालय के जरूरी सुझाव

मानसून में दस्त से बचने और अगर हो जाए तो उससे उबरने के लिए स्वास्थ्य



मंत्रालय ने कुछ खास और आसान सुझाव दिए हैं। इन्हें अपनाकर आप अपने और अपने बच्चों को स्वस्थ रख सकते हैं:

विटामिन ए की खुराक: दस्त की गंभीरता को कम करने के लिए विटामिन ए की खुराक लेना फायदेमंद हो सकता है।

साफ पानी पिएं: हमेशा साफ और सुरक्षित पानी ही पिएं। यह बीमारियों से बचने का सबसे पहला कदम है।

हाथों की स्वच्छता: खाने से पहले और शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद, नियमित रूप से अपने हाथ धोएं। यह कीटाणुओं को फैलने से रोकता है।

संतुलित आहार: साल भर, खासकर मानसून के मौसम में, पौष्टिक और संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है। अपने आहार में ओआरएस और नारियल पानी शामिल करें। इनमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं।


दस्त होने पर इन चीजों से करें परहेज, हेल्थलाइन की सलाह

अगर आपको दस्त हो गए हैं, तो कुछ खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए क्योंकि वे स्थिति को और खराब कर सकते हैं। हेल्थलाइन ने उन चीजों की एक सूची दी है जिनसे आपको परहेज करना चाहिए:

दूध और डेयरी उत्पाद: दूध और दूध से बनी चीजें (जैसे दूध वाले प्रोटीन ड्रिंक) न लें।

तले हुए और वसायुक्त खाद्य पदाथ: ज्यादा तेल, चिकनाई और तले हुए खाने से बचें।

मसालेदार और प्रोसेस्ड फूड: बहुत ज्यादा मसालेदार खाना और प्रोसेस्ड फूड, खासकर जिनमें मिलावट हो, उनसे दूर रहें।



# क्या पति सोहेल कथूरिया से तलाक ले रहीं हैं हंसिका मोटवानी?

मनोरंजन जगत की चर्चित अभिनेत्री हंसिका मोटवानी इस समय अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस ने दो साल पहले बिजनेसमैन पति सोहेल कथूरिया से शादी की थी। पिछलों दिनों दोनों के रिश्तों के बीच में कड़वाहट की खबरें आई थीं और तलाक की भी अटकलें लग रही थीं। साथ ही दोनों के अलग-अलग रहने की भी बात सामने आई थी। अब इस मामले पर अभिनेत्री के पति ने चुप्पी तोड़ते हुए जवाब दिया है। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या बताया।

## क्या सचमुच दोनों हुए अलग?

हंसिका मोटवानी के पति सोहेल कथूरिया ने तलाक की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा, 'यह सच नहीं है।' लेकिन एक्ट्रेस के पति ने दोनों के अलग रहने की अफवाहों पर कोई जवाब नहीं दिया, जिससे कई सवाल अभी भी बने हुए हैं।

## क्या है पूरा मामला?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा गया कि अभिनेत्री हंसिका मोटवानी अपनी मां के साथ रहने लगी हैं, जबकि उनके पति फिलहाल अपने माता-पिता के साथ रह रहे हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट्स में बताया गया कि जब दिसंबर 2022 में दोनों की शादी हुई थी तो वे शुरुआत में साथ रहते थे। हालांकि, बाद में दोनों के बीच सामंजस्य ना होने के कारण दोनों उसी बिल्डिंग के अलग-अलग अपार्टमेंट में रहने लगे। इसके बाद भी दोनों के बीच की नाराजगी नहीं ठीक हो पाई। इस जोड़े ने 4 दिसंबर, 2022 में जयपुर में शादी की थी।

## हंसिका मोटवानी का वर्कफ्रंट

हंसिका मोटवानी ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। उस शो का नाम था 'शका लका बूम बूम'। इसके अलावा वह सिंघम 2 (तमिल), बोगन, आंबाला जैसी साउथ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



# एटली की फिल्म में अल्लू अर्जुन निभाएंगे मल्टीपल रोल


## दीपिका, जाह्नवी, रश्मिका और मृणाल संग बनेगी जोड़ी

पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन और एटली इस वक्त फिल्म AA22xA6 पर काम कर रहे हैं। ये फिल्म मच अवेटेड होने के साथ अपनी हाईप्रोफाइल स्टारकास्ट की वजह से सुर्खियों में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ दीपिका पादुकोण, जाह्नवी कपूर, रश्मिका मंदाना और मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अल्लू अर्जुन एटली की इस फिल्म में मल्टीपल रोल में नजर आएंगे। ये पहली बार होगा, जब पुष्पा स्टार एक साथ कई किरदार निभाएंगे। फिल्म में एक्टर पूरे परिवार का किरदार निभाते नजर आएंगे। सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, अल्लू एटली की अगली फिल्म में अपने पूरे परिवार का किरदार निभा रहे हैं। वह फिल्म में दादा, पिता और दो बेटों का किरदार करते नजर आएंगे। यह उनके करियर की पहली मल्टीपल रोल वाली फिल्म होगी। सूत्र ने बताया है कि अल्लू ने खुद ही चारों किरदार निभाने पर जोर दिया। एक्टर के कहने पर पहले तो एटली थोड़ा हिचकिचाए, लेकिन लुक टेस्ट के बाद उन्हें लगा कि यह फिल्म के लिए फायदेमंद रहेगा। दर्शकों को एक टिकट की कीमत पर अल्लू अर्जुन के 4 अलग-अलग अवतार देखने को मिलेंगे। फिल्म का एक और बड़ा हाईलाइट रश्मिका मंदाना का किरदार होगा। 'पुष्पा: द राइज' और 'पुष्पा 2- द रूल' में अल्लू अर्जुन के अपोजिट दिखीं रश्मिका AA22xA6 में निगेटिव रोल में नजर आएंगी। ये भी पहली बार होगा, जब ऑडियंस रश्मिका को निगेटिव किरदार में देखेंगी। विलेन के रूप में, रश्मिका अल्लू अर्जुन, दीपिका, जाह्नवी और मृणाल के साथ मुकाबला करेंगी।









# फिर साथ दिखेगी कंगना रनौत और आर माधवन की हिट जोड़ी

फिल्म तनु वेड्स मनु और उसके सीक्वल तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में जबरदस्त केमिस्ट्री दिखा चुके कंगना रनौत और आर माधवन अब एक बार फिर पर्दे पर साथ नजर आने को तैयार हैं। इस बार ये जोड़ी लेकर आ रही है एक रोमांचक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म, जिसका नाम रखा गया है सर्कल। इस फिल्म को लेकर अपडेट सामने आया है। दर्शक इस जोड़ी को दशहरे 2025 पर एक बार फिर साथ में देख सकेंगे।

## तीन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं ए एल विजय, जो साउथ सिनेमा के जाने-माने निर्देशक हैं। वहीं इस फिल्म का निर्माण कर रही है ट्राइडेंट प्रोडक्शन्स। देक्कन क्रॉनिकल की रिपोर्ट की मानें तो ये फिल्म तीन भाषाओं- हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज की जाएगी। सर्कल को एक पैन-इंडिया प्रोजेक्ट बताया जा रहा है, जिसकी शूटिंग चेन्नई, ऊटी, जयपुर और हैदराबाद जैसी अलग-अलग जगहों पर की गई है।

## कैसी होगी फिल्म की कहानी?

सर्कल की कहानी को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आए हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जिसमें सस्पेंस की परतें धीरे-धीरे खुलेंगी। सूत्रों की मानें तो कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट ये होगा कि एक मरीज और डॉक्टर असल में एक ही इंसान होते हैं। कुछ इसी प्लॉट के ईर्द-गिर्द ही ये कहानी घूमने वाली है।

## क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग हैदराबाद में हुई

फिल्म की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित एक क्लब में इसका आखिरी सीन फिल्माया गया, जिसमें आर माधवन के साथ एक और प्रमुख भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री अवंतिका मिश्रा नजर आएंगी। इस क्लब सीन के साथ फिल्म की शूटिंग पूरी हुई।

## कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म सर्कल के 2025 के दशहरे के मौके पर रिलीज होने की खबर सामने आ रही है। हालांकि इसका अभी ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है। खास बात ये है कि हिंदी, तमिल और तेलुगू के अलावा इसकी मलयालम डबिंग पर भी काम चल रहा है।



# इंडस्ट्री में टैलेंट से ज्यादा सोशल मीडिया फॉलोवर्स की वैल्यू

'जामताड़ा', '12वीं फेल' जैसे प्रोजेक्ट में काम कर चुके एक्टर अंशुमान पुष्कर ने इंडस्ट्री में कास्टिंग प्रोसेस को लेकर खुलासे किए हैं। अपने एक हालिया इंटरव्यू में एक्टर ने बताया है कि कैसे कास्टिंग के दौरान सोशल मीडिया फॉलोअर्स को ध्यान में रखा जाता है। फॉलोअर्स कम होने की वजह से उन्होंने फिल्मों में रोल भी गंवाए हैं। अंशुमान बताते हैं कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स कम होने की वजह से उन्होंने एक फिल्म गंवा दी थी। उन जैसे एक्टर्स की कास्टिंग सोशल मीडिया फॉलोअर्स तक सीमित रह गई है। वो कहते हैं- 'हालांकि, मैं इन सारी बातों को पर्सनली नहीं लेता हूं। अगर कोई प्रोड्यूसर या डायरेक्टर टैलेंट से ज्यादा फॉलोअर्स की तरजीह दे रहा है तो ये उनकी च्वाइस है। इसका ये मतलब नहीं है कि जिन एक्टर को नहीं चुना गया, उनमें कम प्रतिभा है।' इस वक्त इंस्टाग्राम पर अंशुमान के 91 हजार फॉलोअर्स हैं। जब इंटरव्यू में अंशुमान से पूछा गया कि क्या एक्टर का एक्टिंग स्किल्स से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव होना जरूरी है? सवाल के जवाब देते हुए वो आगे कहते हैं- आप रणबीर कपूर से अपनी तुलना नहीं कर सकते हैं। उनके पास पहले से ही काफी फैंस हैं। हम जैसे एक्टर्स की कास्टिंग सिर्फ इंस्टाग्राम फॉलोअर्स तक सीमित हो गई है। हालांकि, मुझे इस बात से शिकायत नहीं है। ये तो सिस्टम का हिस्सा है। अंशुमान की वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्टर ने साल 2018 में अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी। बड़े पर्दे पर उन्होंने साल 2023 में विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म 12वीं फेल में काम किया था। फिलहाल वो राजकुमार राव की फिल्म मालिक में नजर आए हैं।



# कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर खुशी कपूर ने बेबाकी से दिया जवाब

मनोरंजन जगत में खुद को ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन खूबसूरत और आकर्षक दिखाने के लिए एक्टर्स कई तरीकों को अपनाते हैं। इस कड़ी में बोटॉक्स और त्वचा निखारने वाले अन्य कॉस्मेटिक सर्जरी शामिल हैं। अब इस मामले पर अभिनेत्री खुशी कपूर ने बेबाकी से अपनी राय रखी है।

## खुशी कपूर ने सर्जरी की बात स्वीकारी

हाल ही में खुशी कपूर ने बातचीत में कॉस्मेटिक सर्जरी और शारीरिक बदलाव कराने पर विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा, हां, मैंने अपना रूप बदला है, लेकिन हर कोई सोचता है कि मैंने खुद पर कई तरीके के प्रयोग किए हैं। मुझे नहीं लगता कि अपने लुक के लिए सर्जरी करवाना इतनी बड़ी बात है। मेरे लिए, अपने आस-पास के लोगों के साथ अपने लुक के बारे में बेईमानी करना ठीक नहीं है। बहुत सारे प्रभावशाली युवा हैं, जो हमें इंटरनेट पर फॉलो करते हैं। साथ ही, अगर हम अपने लुक के बारे में कुछ नहीं करते हैं, तो यह एक समस्या है और लोग आपको आपके लुक के आधार पर जज करेंगे। अगर हम अपने लिए कुछ करते हैं, तो भी लोगों को समस्या है।'

## खुद के मन से जीती हैं जिंदगी

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'लोग कहेंगे कि उन्होंने खुद को क्यों बदला और अपने असली लुक पर क्यों नहीं टिकी? तो, आप मुझसे किसी भी तरह से जीतने वाले नहीं हैं। मैं अपनी जिंदगी वैसे ही जीने वाली हूं जैसे मैं चाहती हूं। मुझे अपने लुक्स की परवाह है, लेकिन मैंने अपने चेहरे में मात्र कुछ बदलाव करवाएं हैं। इसीलिए मैंने उनके बारे में खुलकर बात की।'



# कास्टिंग डायरेक्टर से एक्ट्रेस बनीं भूमि, पहली फिल्म को मिला अवॉर्ड

भूमि पेडनेकर ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दी है। इनमें कई फिल्में हिट रहीं और कई फिल्में उम्मीद के मुताबिक नहीं चल सकीं। हालांकि लगभग सभी फिल्मों में उनकी बेहतरीन अदाकारी के लिए उन्हें सराहा गया। पढ़ाई के बाद उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनकी पहली ही फिल्म हिट रही। फिल्मों के अलावा वह दूसरे कामों को लेकर भी चर्चा में रहीं। उनके जन्मदिन पर आइए जानते हैं उनके बारे में कुछ अहम बातें।

## यश राज फिल्म्स में किया असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर का काम

भूमि पेडनेकर ने यशराज फिल्म्स के साथ छह वर्षों तक बतौर असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर काम किया। इसके बाद भूमि ने पहली बार फिल्म दम लगा के हईशा(2015) में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया। इसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना थे। उनकी पहली ही फिल्म काफी कामयाब रही। इस फिल्म में बेहतरीन काम करने के लिए भूमि को बेस्ट फीमेल डेब्यू एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद भूमि ने टॉयलेट: एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान और बाला जैसी बेहतरीन फिल्में कीं।

## फिल्में फ्लॉप लेकिन किरदार हिट

भूमि पेडनेकर ने अपने छोटे से करियर में कई फिल्में की हैं। हालांकि उनकी बहुत कम ही फिल्में कामयाब रही हैं। फिल्म बधाई दो में भूमि पेडनेकर ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो समलैंगिक होती है। उनकी यह फिल्म बहुत अच्छी नहीं चल सकी। फिल्म रक्षा बंधन में उन्होंने एक ऐसी प्रेमिका का किरदार निभाया है जिसका प्रेमी अपनी बहनों की वजह से अपनी शादी नहीं कर पाता है। यह फिल्म फ्लॉप रही थी। इसी तरह से भूमि ने भक्षक फिल्म में एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो पत्रकार होती है। उनकी यह फिल्म भी कुछ खास नहीं कर सकी थी। इन सभी फिल्मों में उनकी अदाकारी की तारीफ हुई।

## भूमि ने वेब सीरीज में की रंग जमाने कोशिश

भूमि पेडनेकर ने फिल्मों के अलावा वेब सीरीज में बेहतरीन काम किया। 9 मई 2025 को वेब सीरीज द रॉयल्स रिलीज हुई। इसमें उनके साथ ईशान खट्टर अहम किरदार में थे। सीरीज की कहानी एक शाही परिवार पर आधारित है, जो आर्थिक तंगी से जूझता है। इस परिवार की किस्मत तब बदलती है जब एक कारोबारी लड़की सोफिया आती है और उनके महल को एक लक्जरी रिसॉर्ट में बदलने की कोशिश करती है। सीरीज में भूमि की अदाकारी की तारीफ हुई। भूमि जल्द ही वेब सीरीज दलदल में नजर आने वाली हैं। यह सीरीज किताब भिंडी बाजार पर आधारित होगी।

## भूमि पेडनेकर का फिल्मों के अलावा काम

भूमि पेडनेकर ने फिल्मों में बेहतरीन अभिनय करने के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी नाम कमाया है। भूमि को फोर्ब्स इंडिया ने 2018 की अपनी 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया था। पेडनेकर को रेडिफ डॉट कॉम की 2020 की सर्वश्रेष्ठ बॉलीवुड अभिनेत्रियों की सूची में पांचवां स्थान मिला। उन्हें टाइम्स की 50 सबसे बेहतरीन महिलाओं की सूची में कई बार जगह मिली। 2019 में वह 40वें और 2020 में 39वें स्थान पर रहीं। 2019 में, पेडनेकर ने पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्लाइमेट वॉरियर नाम का एक अभियान शुरू किया। वह बॉलीवुड इंडस्ट्री में वेतन समानता जैसे मुद्दों पर भी मुखर हैं। भूमि पर्यावरण संरक्षण की समर्थक भी हैं। वह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के लिए काम कर रही हैं।

# जलभराव तथा गंदगी मिली तो ठेकेदार कंपनी पर एक लाख का जुर्माना

## एसीईओ संजय खत्री ने किया निरीक्षण, जीएम एस पी सिंह व डीजीएम विजय रावल भी थे मौजूद





**नोएडा (चेतना मंच)।** शहर में जलभराव का कारण तलाशने बुधवार को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री सड़क पर उतरे। उन्होंने एमपी वन, टू, थ्री मार्ग, जोनल रोड नंबर-6, सेक्टर-55, 56, 57, 58, 60, 62 एवं 63 का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक (सिविल) विजय कुमार रावल, परियोजना अभियंता प्रथम गौरव बंसल, सहायक परियोजना अभियंता अरुण कुमार उपस्थित रहें। इस मौके पर नालों की चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दए।

संजय कुमार खत्री ने देखा कि सेक्टर-60 की ओर से आने वाले मुख्य नाले के पानी का फ्लो सही पाया गया, लेकिन नाले पर बनी कलवर्ट से आगे पानी का फ्लो धीमा है। इस पर कलवर्ट की मैपिंग करा कलवर्ट को ठीक कराए जाने का निर्देश एवं 63 में निर्मित कलवर्ट का लेवल नीचा है, ऐसे कलवर्ट का निरीक्षण कर चिह्नित कर लिया जाए व आइआइटी रूड़की से लेवल का परीक्षण करा लिया जाए। नालों की चौड़ाई बढ़ाई जाए।

दिया। सेक्टर-58 में भूखंड संख्या सी-29 के सामने मार्ग पर गंदगी एवं जलभराव मिला, ठेकेदार कंपनी एसपी गावर्मेंट कांट्रेक्टर एंड सप्लायर पर एक लाख रुपये का जुर्मान लगाया।

नालों की सफाई के लिए हटाए गए एसएफआरसी कवर को दोबारा नाले रखने के निर्देश दिए गए। जोनल रोड नंबर-6 के साथ बने मुख्य नाले का निरीक्षण में अधिक मात्रा में फ्लोटिंग मैटेरियल एवं सिल्ट भरी हुई मिली, तत्काल प्रभाव से सफाई कराने को निर्देशित किया गया। निरीक्षण में सेक्टर-1 से 8, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 62

# बरसात के मौसम में करें सुरक्षित ड्राइविंग

**नोएडा (चेतना मंच)।** बरसात के मौसम को देखते हुए



परिवहन विभाग और यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों से सुरक्षित ड्राइविंग के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा है। बरसात के दौरान सड़कों पर फिसलन, कम दृश्यता और जलभराव जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गौतमबुद्धनगर डा उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि बरसात के मौसम में सुरक्षित ड्राइविंग करनी चाहिए। इसके लिए कुछ खास दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**गति नियंत्रण :** बरसात में सड़कें फिसलन भरी हो सकती हैं। वाहन की गति नियंत्रित रखें और अचानक ब्रेक लगाने से बचें।

**दूरी बनाए रखें :** सामने वाले वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें ताकि आपात स्थिति में रुकने के लिए पर्याप्त समय मिले।

**हेडलाइट और फॉग लाइट का उपयोग :** कम दृश्यता के दौरान हेडलाइट और फॉग लाइट का उपयोग करें। सुनिश्चित करें कि वाहन की लाइट्स और वाइपर पूरी तरह कार्यरत हों।

**टायरों की जांच :** वाहन के टायरों की स्थिति जांचें। घिसे हुए टायर फिसलन का कारण बन सकते हैं।

**जलभराव से बचें :** जलभराव वाले क्षेत्रों में वाहन चलाने से बचें। यदि आवश्यक हो तो वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

**मौसम अपडेट :** ड्राइविंग से पहले मौसम की जानकारी लें और भारी बारिश की स्थिति में यात्रा टालने का प्रयास करें।

**आपातकालीन किट:** वाहन में प्राथमिक चिकित्सा किट, टॉर्च, और आपातकालीन संपर्क नंबर रखें।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर-112 पर संपर्क करें।

# प्राधिकरण ने सेक्टर-141 में हटाया अतिक्रमण



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने सेक्टर-141 में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटा दिया है। यहां बड़ी संख्या में रेहड़ी पटरी की दुकानें लगी रहती थीं। वहीं इन रेहड़ी-पटरी वालों से असामाजिक तत्व अवैध उगाही भी करते थे। प्राधिकरण ने सेक्टर की आरडब्ल्यूए की शिकायत पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की।

सेक्टर-141 आरडब्लयूए की माँग पर नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक सत्येन्द्र गिरि, जेई अरुण वर्मा व नोएडा प्राधिकरण की टीम सेक्टर-141 पहुंची और वहां पर किए गए अतिक्रमण को हटाया।

आरडब्लूए सेक्टर-141 के अध्यक्ष एडवोकेट लाटसाहब लोहिया ने बताया कि सेक्टर में अतिक्रमण होने से सेक्टरवासियों से काफी परेशानी हो रही थी। यह सभी शहरवासियों की जिम्मेदारी बनती है कि वह अतिक्रमण न होने दें तथा नोएडा को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग करें।

# स्कूली वाहनों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

## छात्रों की सुरक्षा के लिए तैनात करनी होगी महिला परिचारक



**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद के सभी विद्यालयों में विद्यालय वाहनों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वह परिवहन से जुड़े सभी नियमों का पालन करें तथा सभी सुरक्षा उपायों को अपनाएं नहीं तो विद्यालय प्रबंधक अथवा प्रधानाचार्य के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। हाल ही में 01 से 15 जुलाई तक जनपद सहित पूरे प्रदेश में चले विशेष जांच अभियान में अनेक विद्यालय वाहन ऐसे पाए गए जो फिटनेस प्रमाणपत्र के बिना, बिना वैध परमिट, बिना GPS, CCTV, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट तथा अन्य अनिवार्य सुरक्षा उपकरणों के बिना संचालित हो रहे थे। इसलिए विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि विद्यालय वाहनों के लिए प्रबंधक/प्रधानाचार्य की पूर्ण व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। सभी वाहनों के पास वैध परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी एवं चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। सभी विद्यालय वाहनों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, सीट बेल्ट एवं आपातकालीन निकास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। चालक एवं परिचालक का पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य परीक्षण और अनिवार्य प्रशिक्षण कराना होगा। छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला परिचारक की तैनाती भी अनिवार्य कर दी गई है।

# सेक्टर चाई थ्री में पेड़ों के काटने पर ग्रेनो प्राधिकरण का बड़ा ऐक्शन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर चाई थ्री की ग्रीन बेल्ट में पेड़ों को काटे जाने की घटना पर संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण ने संबंधित कॉन्ट्रैक्टर योगेंद्र एसोसिएट्स को ब्लैक लिस्ट करने को निर्णय लिया है। प्राधिकरण में कॉन्ट्रैक्टर की जमा सिक्योरिटी मनी जब्त करते हुए एफआईआर दर्ज कराने को कहा है। साथ ही उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस और प्रबंधक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने पर भी संस्तुति दे दी है। सहायक प्रबंधक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई, सुपरवाइजर अनूप भाटी और तकनीकी सुपरवाइजर महेश तिवारी का अनुबंध तत्काल समाप्त करने का भी निर्णय लिया गया है।

दरअसल, चाई थ्री की ग्रीन बेल्ट में पेड़ों को काटे जाने की घटना पर संज्ञान लेते हुए सीईओ एनजी रवि कुमार ने नाराजगी जताते हुए लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने उद्यान विभाग के डीजीएम संजय कुमार जैन, वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र, प्रबंधक प्रशांत समाधिया और सहायक प्रबंधक हरिंदर सिंह के साथ मौके पर मुआयना किया। मौके पर पेड़ काटने की घटना की जांच-पड़ताल की। मौके पर पेड़ काटे जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए।

एसीईओ ने ग्रीन बेल्ट के रखरखाव की कार्यदायी संस्था योगेंद्र एसोसिएट्स को ब्लैक लिस्ट करते हुए FIR दर्ज कराने का निर्णय लिया।

# भाजपा 26 को मनाएगी कारगिल विजय दिवस

## भाजयुमो निकालेगा विजय जुलूस : महेश चौहान



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर वीर शहीदों की स्मृति में विविध कार्यक्रम आयोजित करेगी। नोएडा महानगर जिला कार्यालय, सेक्टर-116 में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कर इसकी जानकारी दी।

श्री चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री चंदगीराम यादव होंगे, जबकि सह-संयोजक के रूप में जिला मंत्री अमरीश त्यागी, प्रमोद बहल एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमवीर अवाना की जिम्मेदारी तय की गई है। इस अवसर पर युवा मोर्चा द्वारा 'कारगिल विजय जुलूस' का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शहीद स्मारक की सफाई, शहीद सैनिकों के परिजनों का सम्मान, एवं देशभक्ति आधारित कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे राष्ट्र गौरव और सेना के शौर्य का प्रतीक है। भाजपा कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि शहीदों के सम्मान में आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम गरिमा के अनुरूप हो।

बैठक में महेश अवाना, अमित त्यागी, डिम्पल आनंद, चंदगीराम यादव, रामनिवास यादव, अर्पित मिश्रा, ओमवीर अवाना, चमन अवाना, उमेश पहलवान तथा सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के जिला अध्यक्ष, एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने कांवड़ियों का किया स्वागत व सेवा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में कांवड़ यात्रा के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शिवभक्तों का भव्य जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नेताओं ने भोले भक्तों से मुलाकात की, तथा उनकी सेवा में समय बिताया।

इस मौके पर मुख्य रूप से महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष/उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव तथा पश्चिम जनपद आगरा प्रभारी शाहबुद्दीन, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा सचिव वीरों देवी, नोएडा वाटर सप्लायर एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद शाह, बिन्नू पंडित, अंकित जायसवाल, अजय, अजय शाह, परवेज, मुस्लिम, प्रेम, नीरज, सुमित, विवेक, प्रमोद, रमेश शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## डाक कांवड़

**ग्रेटर नोएडा के लड़पुरा गांव के शिवभक्तों ने हरिद्वार में हर की पैड़ी से गंगाजल लाकर डाक कांवड़ के जरिए गांव के मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। डाक कांवड़ में गांव के युवाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।**



# गंभीर फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रही बच्ची की बचाई जान

## फेलिक्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने किया थोराकोटॉमी और डिकॉर्टिकेशन

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-137 स्थित फेलिक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने गंभीर फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रही एक बच्ची का समय पर उपचार कर जान बचाने में कामयाबी हासिल की है।

अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज कुमार ने बताया कि एक आठ साल की एक बच्ची को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। बच्ची को कई दिनों से तेज बुखार, सांस लेने में परेशानी, सुस्ती और अन्य श्वसन संबंधी समस्या हो रही थीं। प्रारंभिक उपचार में नेबुलाइजेशन और सामान्य एंटीबायोटिक्स देने पर भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद अस्पताल की टीम ने बच्ची की जांच कराई गई। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में दाईं ओर बड़े स्तर पर प्लूरल इफ्यूजन (पस भर जाना) पाया गया जिसमें कई मोटी झिल्लियां (सेप्टेशन) बनी हुई थीं और साथ ही फेफड़े का कुछ हिस्सा दब गया था। इस स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञों की सलाह पर यूएसजी गाइडेड पिगटेल कैथेटर लगाया गया। जिससे पस निकालने की कोशिश की गई।

हालांकि बच्ची की हालत में विशेष सुधार नहीं आया। तब चिकित्सकों ने उच्च स्तरीय एचआरसीटी स्कैन कराया। रिपोर्ट





में दाईं ओर भारी मात्रा में पस के साथ-साथ मोटी झिल्लियां और फेफड़े के भीतर संकुचन और कुछ हिस्सा चिपकने जैसी जटिलता भी पाई गईं। साथ ही मीडियास्टाइनल लिम्फ नोड्स (लसीकाग्रंथियों) में सूजन भी देखी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल की कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) टीम से परामर्श लिया गया। सीटीवीएस विशेषज्ञों ने सर्जरी की सलाह दी। इसके बाद फेलिक्स हॉस्पिटल की सर्जरी टीम के डॉ मयंक अग्रवाल, एनेस्थेसिया विभाग के डॉ. विवेक पुष्प और अन्य विशेषज्ञों के तालमेल से बच्ची की दाईं ओर थोराकोटॉमी (छाती की बड़ी सर्जरी), पस की मोटी परत हटाने (डिकॉर्टिकेशन) और इंटरकोस्टल ड्रेन (आईसीडी) का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद बच्ची की हालत में सुधार हुआ है। ऑपरेशन के दौरान निकाले गए नमूनों की जांच कराई गई। जिसमें एडेनोसिन डिआमिनेस (एडीए) और लैक्टेट डिहाइड्रोजनेज (एलडीएच) के स्तर ऊंचे पाए गए और लिम्फोसाइट्स की मात्रा अधिक थी। इसके अलावा, बच्ची की मेडिकल हिस्ट्री और रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट में भी टीबी के लक्षण दिखे। सभी साक्ष्यों के आधार पर बच्ची को एंटी ट्यूबरकुलर थैरेपी पर रखा गया है।

अस्पताल की टीम ने समय रहते गंभीर संक्रमण का पता लगाकर जटिल सर्जरी के माध्यम से बच्ची की जान बचाई। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची अब स्थिर है और धीरे-धीरे स्वस्थ हो रही है। इतनी कम उम्र में भी पस का इतना अधिक जमाव और फेफड़े के चिपकने की समस्या असामान्य और खतरनाक स्थिति होती है। अगर समय पर सर्जरी न की जाती, तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। बच्ची की मां ने डॉक्टरों और अस्पताल की पूरी टीम को धन्यवाद दिया और कहा कि डॉक्टरों ने समय पर सही कदम उठाए और मेरी बेटी को नई जिंदगी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों में टीबी के कारण इस तरह का जटिल एम्पायमा (फेफड़े में पस का भरना) कम ही देखने को मिलता है। लेकिन समय पर जांच और सर्जरी से इस पर काबू पाया जा सकता है। अगर बच्चों में लंबे समय तक बुखार, सांस लेने में तकलीफ या सीने में दर्द जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लें, ताकि बीमारी गंभीर रूप न ले सके।

# कांवड़ यात्रा का मंदिर में स्वागत, लगाया भंडारा

**नोएडा (चेतना मंच)।** सलारपुर स्थित शिव मंदिर में



शिवरात्रि के पावन पर्व पर कांवड़ यात्रा का स्वागत और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर गांव के श्रद्धालुओं, युवाओं और बच्चों ने भंडारे में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बुधवार की सुबह शिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ यात्रा की मनमोहक झांकियां डीजे के साथ गांव के प्राचीन शिव मंदिर से निकाली गई।

श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा और गंगाजल अर्पित कर परिवार और गांव की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

कांवड़ यात्रा के सफल समापन पर हर वर्ष की भांति विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के सफल संचालन में टिकैत रसोई के संचालक, जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन एवं अखिल भारतीय गुर्जर महासभा अशोक भाटी की अहम भूमिका रही।

उन्होंने कहा भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा जाता है। वे संहारक हैं तो कल्याणकारी भी। वे ही काल के स्वामी हैं और करुणा के सागर भी। मान्यता है कि सावन के महीने में शिव की पूजा करने से सभी पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

इस दौरान महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर उनकी जयंती भी मनाई गई।

इस मौके पर सुखबीर प्रधान, सुभाष नेताजी, मनोज त्यागी, प्रदीप सिन्हा, श्रेयस दीक्षित, योगेश बैसला, सुनील भाटी दीपक भाटी, कृष्ण भाटी, सुरेंद्र गुर्जर, मनोज भाटी, विजेंद्र, रामकुमार , सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।